RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्षः 11 अंकः 127 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,मंगलवार, 03 नवम्बर 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

संक्षिप्त समाचार

चारधाम में हेली सेवाओं पर ब्रेक, केदारनाथ शटल जारी रहेगी

- 11 ऑपरेटरों के विरोध के बाद फैसला, अगले सीजन में शुरू होंगी चार्टर उड़ानें, रिफंड होंगे रुपए

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड में चारधाम की चार्टर हेली सेवाओं पर पूरी तरह ब्रेक लग गया है। 11 हेलीकॉप्टर ऑपरेटरों के दो पायलट अनिवार्य करने के नियम के विरोध के बाद यह फैसला लिया गया है। सोमवार को उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण और



नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के बीच हुई बैठक में तय किया गया कि चार्टर हेली सेवाएं अब अगले सीजन में ही शुरू होंगी। हालांकि, केदारनाथ में शटल हेली सेवा जारी रहेगी। एजेंसी के सीईओ प्रतीक जैन ने बताया कि इस सीजन में चार्टर हेली सेवाओं की ज्यादा बुकिंग नहीं हुई थी। जिन यात्रियों ने बुकिंग कराई थी, उन्हें पूरा पैसा रिफंड किया जाएगा। केदारनाथ में सामान्य शटल हेली सेवाओं का संचालन जारी है। यहां एजेंसी ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल का कंट्रोल रूम बनाया है। यहां से मौसम और उड़ानों की पल-पल की जानकारी के आधार पर हेलीकॉप्टरों को उड़ान की अनुमति दी जा रही है। हालांकि, नए दिशा-निर्देशों का पालन नहीं होने के कारण लंबी दूरी की पर्सनल चार्टर सेवाएं बंद हैं। वहीं, गंगोत्री के कपाट 10 नवंबर, केदारनाथ और यमुनोत्री के 11 नवंबर, जबकि बद्रीनाथ के कपाट 16 नवंबर को बंद होंगे।

एएपी छोड़ने वाले तीनों विधायक बीजेपी में शामिल

- तीनों ने पिछले दो दिन में इस्तीफा दिया, बीजेपी के हुए

अमृतसर (एजेंसी)। पंजाब चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के 3 विधायक भाजपा में शामिल हो गए हैं। इनमें अमृतसर नॉर्थ से कुंवर विजय प्रताप सिंह, समाना से चेतन सिंह जौड़ामाजरा और सनौर से हरमीत सिंह



पठानमाजरा शामिल हैं। बीजेपी जॉइन करने के बाद विधायक कुंवर ने कहा कि पंजाब में गैंगस्टर सरकार का हिस्सा बन गए हैं। फिरौती की इंडस्ट्री चल रही है। इन तीनों विधायकों ने पिछले 2 दिनों में एएपी से इस्तीफा दिया। रविवार को जौड़ामाजरा और पठानमाजरा के इस्तीफे के बाद सोमवार को कुंवर ने भी पार्टी छोड़ दी। कुंवर और पठानमाजरा ने विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। कुंवर को जून 2025 में एएपी ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते 5 साल के लिए पार्टी से सस्पेंड कर दिया था।

आठ नए युद्धपोत से लैस होगी अपनी नौसेना

- 53,866 करोड़ रुपये होगा खर्च, रक्षा मंत्रालय ने किया करार

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए देश में आठ अत्याधुनिक अगली पीढ़ी के कॉर्वेट युद्धपोत बनाए जाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने इन युद्धपोतों के निर्माण और खरीद के लिए गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) के साथ कुल 53,866.50 करोड़ रुपए के करार किए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस करार को लेकर खुशी जाहिर की है। 2 नवंबर को नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-2 में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में इन करारों पर हस्ताक्षर किए गए। इन अगली पीढ़ी के कॉर्वेट युद्धपोतों में आधुनिक मिसाइलों, हथियारों और सेंसर प्रणालियों से लैस अत्याधुनिक क्षमताएं होंगी। राजनाथ सिंह ने कहा कि इन जहाजों के निर्माण से अगले दस वर्षों में शिपयार्डों में लगभग 72 लाख पर्सन-डे और सहायक उद्योगों तथा कंपनी में 460 लाख पर्सन-डे के बराबर रोजगार पैदा होगा।



भारतीय नौसेना को मिली ताकत

इन युद्धपोत की मदद से नौसेना हवा, समुद्र की सतह और समुद्र के भीतर मौजूद खतरों से निपट सकेगी। इन युद्धपोतों के नौसेना में शामिल होने से उसकी अभियान क्षमता में बड़ा इजाफा होगा। ये समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा, दुश्मन के युद्धपोतों को निशाना बनाने और पनडुब्बियों का पता लगाकर उनसे मुकाबला करने जैसे महत्वपूर्ण अभियानों में भूमिका निभाएंगे। ये युद्धपोत तटीय सुरक्षा मजबूत करने, समुद्र के किनारे उथले इलाकों में सैन्य अभियान चलाने और समुद्री क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने में भी मदद करेंगे। इनकी तैनाती से भारतीय नौसेना की समुद्र में मौजूदगी और निगरानी क्षमता को मजबूती मिलेगी। प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के जरिए निर्माण कंपनियों का चयन किया गया है। यह पहली ऐसी परियोजना है, जिसमें भारतीय नौसेना के स्वदेशी डिजाइन पर आधारित युद्धपोतों का निर्माण रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा किया जाएगा।

कोलकाता स्थित जीआरएसई पांच युद्धपोतों का तैयार करेगी डिजाइन

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस परियोजना के तहत कोलकाता स्थित जीआरएसई पांच युद्धपोतों का निर्माण करेगा। वहीं गोवा शिपयार्ड लिमिटेड भारतीय नौसेना के लिए तीन युद्धपोत बनाएगा। खास बात यह है कि इन सभी युद्धपोतों का डिजाइन भारतीय नौसेना खुद तैयार करेगी। इनका निर्माण देश के रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम करेंगे। इस परियोजना का फायदा केवल नौसेना की युद्धक क्षमता तक सीमित नहीं रहेगा। इससे देश के स्वदेशी जहाज निर्माण उद्योग को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा। परियोजना में रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के साथ निजी शिपयार्ड, भारतीय औद्योगिक साझेदारों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की भी भागीदारी होगी।

राहुल गांधी के खेमे में असुरक्षा का माहौल

- कांग्रेस में प्रियंका गांधी को अलग-थलग करने की कोशिश

नई दिल्ली (एजेंसी)। बीजेपी ने दावा किया है कि कांग्रेस पार्टी में नेतृत्व को लेकर दरार आ गई है। बीजेपी ने दावा किया है कि प्रियंका गांधी के बढ़ते प्रभाव की वजह से राहुल गांधी खेमे में असुरक्षा दिख रही है और प्रियंका गांधी को पार्टी में अलग थलग



करने की कोशिश की जा रही है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को इंडिया ब्लॉक की आयोजित रैली में प्रियंका गांधी को बोलने का मौका नहीं दिया गया। शनिवार को आयोजित सांकेतिक संसद की कार्यवाही में भी प्रियंका गांधी को अलग थलग करने की कोशिश की गई। जारी वीडियो मैसेज में प्रदीप भंडारी ने कहा कि कांग्रेस दो शक्ति केंद्रों में बंट चुकी है।

सीआईएसएफ ने सुरक्षा देने का 56 साल पुराना स्ट्रक्चर बदला

- अब पावर-स्टील प्लांट और बंदरगाह के लिए अलग-अलग सेक्टर, पहले जोन वाइज था

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने सबसे बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया है। फोर्स ने आज से अपने 56 साल पुराने टेरिटोरियल कमांड मॉडल को खत्म करके फंक्शनल सेक्टर मॉडल अपना लिया है। फोर्स अब तक जोन के हिसाब से काम करती थी। जैसे - मुंबई जोन के एक ही अधिकारी के पास पावर प्लांट भी होता था और कोयला खदान भी। इससे सुरक्षा मिली-जुली रहती थी। नए मॉडल में एक जैसी इंडस्ट्रियल यूनिट को एक ही छतरी के नीचे लाया गया है। यानी देशभर के सारे पावर प्लांट, सारे स्टील प्लांट, सारे बंदरगाह अलग-अलग डेडिकेटेड सेक्टर के अधीन होंगे।



सीआईएसएफ का दावा- काम अलग तो सुरक्षा भी अलग हो

अब तक सीआईएसएफ के फील्ड और प्रशासनिक ठिकाने जोनल आधार पर बने थे। इस वजह से एक ही फील्ड फॉर्मेशन अलग-अलग क्षेत्रों में बनी औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा संभालता था। उदाहरण के लिए, किसी फील्ड फॉर्मेशन के पास बिजली और कोयला क्षेत्र की इकाइयों की जिम्मेदारी एक साथ होती थी। सुरक्षा करने वाली सीआईएसएफ इकाइयां इसका अपवाद थीं।

फिर ट्रेन से कटा युवक, भोपाल में पटरी पर मिली लाश

मां-पत्नी और 2 बच्चों की गला काटकर हत्या

पुलिस घर पहुंची तब खुला हत्याकांड, कर्ज में डूबा था

भोपाल (एजेंसी)। भोपाल के मालीखेड़ी में सोमवार को असिस्टेंट लोको पायलट के किराए के घर में एक ही परिवार के 4 लोगों की लाश मिली है। सभी के गले कटे हुए थे। वहीं, घर के बेटे की लाश रेलवे ट्रैक पर मिली है। शक है कि युवक ने पहले सभी की हत्या की, इसके बाद ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। छोला पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में परिवार के मुखिया पर कर्ज का दबाव था। घर में नरेंद्र की मां सरस्वती साहू (50), पत्नी सोमलता साहू (29), बेटी कृति साहू (10) और बेटे खुश



साहू (6) के शव मिले। सभी के सिर और गले पर चोट के निशान मिले हैं। एसीपी निशातपुरा शशांक जैन के मुताबिक, पुलिस को नरेंद्र के घर से निकलने का एक सीसीटीवी फुटेज मिला है। इसमें वह सुबह करीब 7.30 से 8 बजे के बीच घर से निकलता दिखाई दे रहा है। शक है कि सुबह-सुबह वारदात हुई है।

रेलवे ट्रैक पर युवक की लाश मिली, तब खुला मामला

परिवार के मुखिया नरेंद्र साहू (35) का शव सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र के चोपड़ा कलां स्थित रेलवे ट्रैक पर मिला था। सोमवार सुबह परिवार के एक रिश्तेदार को नरेंद्र की मौत की सूचना मिली। वह परिजन को जानकारी देने मालीखेड़ी स्थित घर पहुंचा, लेकिन काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला। फोन पर भी किसी से संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद रिश्तेदार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर घर में प्रवेश किया तो अंदर चार लोगों के शव मिले।

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत शामिल, आगामी कार्ययोजना पर होगा मंथन

इंदौर में आरएसएस की तीन दिनी बैठक का आगाज

- 408 पदाधिकारी संगठन विस्तार-सामाजिक अभियानों की समीक्षा करेंगे

इंदौर (एजेंसी)। इंदौर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक सोमवार को डेली कॉलेज में शुरूहो गई। बैठक में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले और सभी छह सह सरकार्यवाह सहित देशभर के करीब 408 प्रमुख पदाधिकारी शामिल हैं। 4 नवंबर तक चलने वाली इस बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान हुए कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ संगठन विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर मंथन होगा। संघ ने पिछले एक साल में देशभर में 13 हजार से अधिक नई दैनिक शाखाएं जुड़ने की जानकारी दी है। इसके साथ ही 65 हजार से ज्यादा हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए। बैठक में इन आयोजनों से मिले अनुभवों के आधार पर आगे की गतिविधियों की दिशा तय की जाएगी। अखिल



भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि बैठक में संघ के 11 क्षेत्र और 46 प्रांतों से संघचालक, सह संघचालक, कार्यवाह, सह कार्यवाह, प्रचारक और सह प्रचारक शामिल हुए हैं। अंतिम दिन विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी और आंकड़े साझा किए जाएंगे।

65 हजार से ज्यादा हिंदू सम्मेलन आयोजित

शताब्दी वर्ष के दौरान देशभर में 65 हजार 660 हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। आंबेकर के मुताबिक, शहरों में बस्ती स्तर पर और ग्रामीण क्षेत्रों में आठ-दस गांवों को मिलाकर बनाए गए मंडल स्तर पर ये सम्मेलन हुए। कई जगह दो-तीन मंडलों को मिलाकर भी आयोजन किए गए। उन्होंने बताया कि इन सम्मेलनों में कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा और समाज की ओर से समर्थन मिला। लोगों ने संघ की शाखाओं से जुड़ने की इच्छा जताई। सामाजिक संस्थाओं और संगठनों ने भी अपने कार्यक्रमों में स्वयंसेवकों के अनुभवों का सहयोग लेने की इच्छा व्यक्त की है। बैठक में इन सम्मेलनों से मिले अनुभवों और सामाजिक सहभागिता की समीक्षा होगी। शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी भी रही। अब इस अनुभव के आधार पर महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए नए कार्यक्रमों और उपक्रमों पर विचार किया जाएगा।

युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरुकता अभियान

संघ की पिछली दो-तीन बैठकों में नशीली दवाओं के बढ़ते चलन पर चिंता जताई गई है। इस बार भी यह विषय एजेंडे में शामिल रहेगा। आंबेकर ने कहा कि नशे की समस्या से निपटने के लिए सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर प्रयास जरूरी हैं। युवाओं को नशीली दवाओं से दूर रखने के लिए जागरुकता अभियान चलाने पर विचार होगा।

एमपी में शराब तस्करों ने टीआई को कुचला, मौत

- इंदौर-बैतूल हाईवे पर तस्करी रोकने गए थे टीआई दिलीप पुरी

भोपाल (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के देवास में अवैध शराब भरे वाहन (ट्रक) ने खातेगांव टीआई दिलीप पुरी को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल पुरी को अस्पताल ले जाया गया। यहां करीब दो घंटे तक इलाज के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। पुरी रविवार रात करीब डेढ़ बजे अवैध शराब की तस्करी की सूचना पर कार्रवाई करने टीम के साथ इंदौर-बैतूल हाईवे पहुंचे थे। नेमावर पुलिस भी इसी ट्रक का पीछा कर रही थी। पुलिस टीम को ट्रक डिवाइडर के किनारे खड़ा मिला। पुरी ने ट्रक ड्राइवर से बाहर आने को कहा तो वो ट्रक को डिवाइडर पर चढ़ाकर आगे बढ़ाने लगा। इस दौरान पिछला पहिए पुरी के ऊपर चढ़ गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टीआई पुरी की पत्नी को एसआई पद पर अनुकंपा नियुक्ति और परिवार को 1 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। वहीं, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने कहा कि दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिए संकेत, जल्द मिलेगी अनुमति

बेंगलुरु-पुणे होगा देश का अगला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर

बेंगलुरु (एजेंसी)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु और मुंबई को जोड़ने वाली वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस की पहली सेवा को हरी झंडी दिखाई। इसी के साथ, रेल मंत्री ने संकेत दिया कि प्रस्तावित बेंगलुरु-पुणे बुलेट ट्रेन कॉरिडोर अगली उच्च गति रेल परियोजनाओं में शामिल हो सकता है। अन्य बुलेट परियोजनाएं भी शुरू की जानी हैं। उन्होंने कहा,भविष्य में बुलेट ट्रेन से बेंगलुरु से चेन्नई पहुंचने में सिर्फ 73 मिनट लगेंगे-एक घंटा 13 मिनट। ये दोनों शहर एक शहर जैसे हो जाएंगे। रेल मंत्री वैष्णव ने रविवार को यह भी घोषणा की कि कर्नाटक के लिए अगली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन बेंगलुरु से चलेगी। यह उत्तर कर्नाटक के विभिन्न हिस्सों को हुब्बली की ओर जोड़ने के बाद पुणे और मुंबई जाएगी।



अगले कुछ हफ्तों में शुरू हो जाएगी वंदे भारत एक्सप्रेस

उन्होंने बताया कि बेंगलुरु-मंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस अगले कुछ हफ्तों में शुरू की जाएगी। इस मार्ग पर विद्युतीकरण और परीक्षण का काम पूरा हो चुका है। आठ मोटर कार और चार ट्रेलर कार कोच समेत 16 कोच वाली बेंगलुरु और मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस की पहली सेवा को हरी झंडी दिखाने के बाद ट्रेन की उद्घाटन विशेष सेवा बेंगलुरु के सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (एसएमवीटी) से रवाना हुई। यह सोमवार सुबह 6.15 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पहुंचेगी।

चार हजार किमी के बुलेट ट्रेन गलियारों को मंजूरी

वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने चार हजार किलोमीटर के बुलेट ट्रेन गलियारों को मंजूरी दी है। आने वाले वर्षों में 3,000 किलोमीटर के और बुलेट ट्रेन गलियारों की घोषणा होगी। बेंगलुरु-पुणे जैसे कई और गलियारे होंगे, जो पूरे कर्नाटक को जोड़ेंगे—बेंगलुरु से हुब्बली होते हुए पुणे तक। वह गलियारा भी शामिल होगा। प्रस्तावित दक्षिणी बुलेट ट्रेन कारिडोर को मंजूरी मिल चुकी है। यह बेंगलुरु, हैदराबाद, अमरावती व चेन्नई को जोड़ेगा और दक्षिण के प्रमुख आर्थिक व प्रौद्योगिकी केंद्रों को करीब लाएगा। रेल मंत्री ने कहा, दक्षिणी बुलेट ट्रेन कारिडोर दक्षिण भारत के राज्यों के लिए यह बड़ा गुणक साबित होगा। प्रस्तावित यात्रा समय का संकेत देते हुए वैष्णव ने कहा कि बेंगलुरु से चेन्नई की यात्रा में सिर्फ 73 मिनट, जबकि बेंगलुरु से हैदराबाद पहुंचने में दो घंटे 10 मिनट लगेंगे। बेंगलुरु-मंगलुरु वंदे भारत सेवा के बारे में मंत्री ने कहा कि जरूरी विद्युतीकरण और परीक्षण का काम पूरा हो चुका है और ट्रेन अगले कुछ हफ्तों में शुरू हो जाएगी।

राजस्थान में करंट लगने से आठ मजदूरों की मौत

- झुंझुनूं में सड़क बनाते समय मशीन हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई

उदयपुरवाटी (एजेंसी)। राजस्थान के झुंझुनूं जिले के छापोली गांव में सोमवार सुबह सड़क बना रहे 8 मजदूरों की करंट लगने से मौत हो गई। 5 अन्य मजदूर झुलस गए। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। उदयपुरवाटी के एसएचओ रामपाल ने बताया- सड़क पर काम कर रही रोड़ी-बजरी मिक्सर मशीन का हाइड्रोलिक जैक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के तार से छू गया। इससे मशीन में करंट फैल गया और वहां काम कर रहे मजदूर इसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद ग्रामीणों ने धरना शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार, छापोली में कदम कुंड की ओर जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान रोड़ी मिलाने वाली मशीन 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन से टकरा गई। मशीन के बिजली लाइन की चपेट में आने से वहां काम कर रहे मजदूर करंट की चपेट में आ गए। इस हादसे में आठ मजदूरों की मौत हो गई। वहीं, पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।



ईरान के खिलाफ बिना कांग्रेस की मंजूरी के युद्ध छेड़ा, डेमोक्रेट्स ने इसे वॉर क्राइम बताया

ईरान के गर्ल्स स्कूल पर हमले के आरोपी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को हटाने की तैयारी में है ट्रम्प

पीट हेगसेथ के खिलाफ अमेरिकी संसद में महाभियोग प्रस्ताव पेश किया गया

● वाशिंगटन

मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के बीच अमेरिका की राजनीति में भी बड़ा भूचाल आ गया है। ट्रम्प प्रशासन में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के खिलाफ यूएस संसद में महाभियोग प्रस्ताव पेश किया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने ईरान के खिलाफ बिना कांग्रेस की मंजूरी के युद्ध छेड़ा और ऐसे हमलों को अंजाम दिया, जिन्हें वॉर क्राइम की श्रेणी में रखा जा सकता है। यह प्रस्ताव यासामिन अंसारी के नेतृत्व में हाउस डेमोक्रेट्स ने पेश किया है। उन्होंने दावा किया कि हेगसेथ ने अपने पद की शपथ का उल्लंघन किया, अमेरिकी सैनिकों को खतरे में डाला और अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन नहीं किया।

सबसे गंभीर आरोप ईरान के मिनाब इलाके में एक गर्ल्स स्कूल पर हमले को लेकर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 28 फरवरी को हुए हमले में कमोबेश 170 स्कूली बच्चियों की मौत हुई, जिनमें शिक्षक भी शामिल थे। शुरुआती जांच में यह सामने आया कि अमेरिकी टॉमहॉक मिसाइल गलती से इस स्कूल पर जा गिरी। डेमोक्रेट्स का कहना है कि इस तरह के हमले जंग के नियमों का उल्लंघन हैं। महाभियोग के पहले आर्टिकल में आरोप लगाया गया कि पीट हेगसेथ ने ईरान के खिलाफ बिना औपचारिक युद्ध घोषणा के सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी। अमेरिकी कानून के अनुसार, युद्ध छेड़ने का अधिकार केवल कांग्रेस के पास होता है, न कि किसी एक अधिकारी



के पास। इसके अलावा उन पर डबल टैप स्ट्राइक जैसे विवादित सैन्य तरीकों के इस्तेमाल का भी आरोप है। जिसमें एक ही लक्ष्य पर दो बार हमला किया जाता है. आलोचकों का कहना है कि इससे नागरिकों के हताहत होने का खतरा बढ़ जाता है।

डेमोक्रेट्स ने आरोप लगाया कि हेगसेथ ने संवेदनशील सैन्य जानकारी को संभालने में लापरवाही बरती और यमन में हमलों से जुड़ी जानकारी एक कमर्शियल मैसेजिंग ऐप के जरिए साझा की, जिससे सुरक्षा जोखिम पैदा हुआ। हालांकि, इस महाभियोग प्रस्ताव के पास होने की संभावना बेहद कम मानी जा रही है, क्योंकि हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत है। इसके बावजूद यह कदम राजनीतिक रूप से काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि इससे डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन पर दबाव बढ़ सकता है। पेंटागन ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे राजनीतिक स्टंट बताया है। उनका कहना है कि ईरान में सैन्य अभियान ने अपने उद्देश्यों को हासिल किया है और यह कार्रवाई राष्ट्रीय सुरक्षा के तहत जरूरी थी।


ट्रम्प से नाराजगी और महंगाई बनी रिपब्लिकन की परेशानी

सर्वे के मुताबिक, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कामकाज और अर्थव्यवस्था को संभालने के तरीके से मतदाताओं में असंतोष बढ़ा है। सात राज्यों में संभावित मतदाताओं के बीच केवल 38 प्रतिशत लोगों ने ट्रम्प के राष्ट्रपति के रूप में प्रदर्शन को मंजूरी दी। यह आंकड़ा रिपब्लिकन पार्टी के लिए चिंता का विषय है। खासकर इसलिए कि ट्रंप ने दो साल पहले इनमें से पांच राज्यों में बड़े अंतर से जीत हासिल की थी। इस बार चुनाव में महंगाई और जीवन-यापन की बढ़ती लागत सबसे अहम मुद्दे बनकर उभरे हैं। सर्वेक्षण में इन मुद्दों पर डेमोक्रेट्स को रिपब्लिकन से नौ प्रतिशत अंकों की बढ़त मिली। विदेश युद्धों और आम नागरिकों के हितों से जुड़े सवालों पर भी मतदाताओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी पर अपेक्षाकृत अधिक भरोसा जताया। एक अन्य अहम बात यह है कि सर्वेक्षण में शामिल सभी सात राज्यों में स्वतंत्र मतदाताओं के बीच डेमोक्रेटिक उम्मीदवार आगे रहे।

अमेरिका में मिडटर्म चुनाव में वोटिंग आज

यूएस में मिडटर्म चुनाव के लिए मंगलवार को वोटिंग होगी। इससे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रिपब्लिकन पार्टी की मुश्किलें बढ़ती दिखाई दे रही हैं। सीनेट पर नियंत्रण की लड़ाई में डेमोक्रेटिक पार्टी ने उन राज्यों में भी मजबूत बढ़त बना ली है, जिन्हें लंबे समय से रिपब्लिकन का गढ़ माना जाता रहा है। एनवायटी और सिएना यूनिवर्सिटी के चुनाव से पहले जारी अंतिम सर्वे के मुताबिक, सीनेट की सात प्रमुख चुनावी प्रतिस्पर्धाओं में डेमोक्रेट्स पांच राज्यों में आगे हैं, जबकि छठे राज्य में दोनों पार्टियों के उम्मीदवारों के बीच कड़ी टक्कर है। इस सर्वेक्षण के नतीजे इसलिए अहम हैं, क्योंकि अगर ये रुझान वास्तविक मतदान में भी कायम रहते हैं, तो अमेरिकी सीनेट में सत्ता का समीकरण बदल सकता है। टेक्सास में डेमोक्रेट्स ने 1988 के बाद से कोई सीनेट चुनाव नहीं जीता है, जबकि कंसास में यह उपलब्धि 1932 के बाद नहीं दोहराई जा सकी है। इसके बावजूद इन दोनों राज्यों में डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों की स्थिति मजबूत दिखाई दे रही है। टेक्सास में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार और राज्य के विधायक जेम्स टालारिको रिपब्लिकन उम्मीदवार एवं राज्य के अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन से 7 फीसदी अंकों की बढ़त बनाए हुए हैं। संभावित वसेटासें के बीच टालारिको को 50 प्रतिशत और पैक्सटन को 43 प्रतिशत समर्थन मिला। मेन में भी रिपा की वरिष्ठ नेता और मौजूदा सीनेटर सुसान कॉलिन्स पिछड़ती नजर आ रही हैं। डेमोक्रेटिक प्रत्याशी और पूर्व राज्य सीनेटर ट्रॉय जैक्सन 51 प्रतिशत समर्थन के साथ कॉलिन्स से छह फ्भ्सदी अंकों की बढ़त हैं। मिशिगन में डेमोक्रेट्स पहले से सीनेट की सीट पर काबिज हैं। नॉर्थ कैरोलिना को इन 7 राज्यों के सर्वे में शामिल नहीं किया गया, हालांकि वहां भी पहले के सर्वे में डेमोक्रेटिक प्रत्याशी को बढ़त मिलती रही है। यूएस सीनेट में बहुमत हासिल करने के लिए डेमोक्रेट्स को अपनी मौजूदा सभी सीटें बचाने के साथ रिपब्लिकन के कब्जे वाली कम से कम चार सीटें जीतनी होंगी।

7 स्विंग स्टेट्स में डेमोक्रेट्स को बढ़त



ट्रम्प के घर से 11 किमी दूर प्लेन क्रैश, 9 लोगों की मौत

● वाशिंगटन

रविवार को दक्षिणी फ्लोरिडा के रिहायशी इलाके में निजी जेट क्रैश हो गया। हादसे में प्लेन में मौजूद सभी 9 लोगों की मौत हो गई है। जहां यह क्रैश हुआ, वह जगह यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रिसॉर्ट 'मार-ए-लागो' से कुछ ही मील दूर है।

सोशल मीडिया पर सामने आए कई वीडियो में इस प्लेन को बहुत तेज स्पीड से सीधा जमीन से टकराते देखा जा सकता है। इस टक्कर से आग का एक बड़ा गोला बन गया और सड़क के किनारे एक जलता हुआ गड्ढा हो गया। यूएस परिवहन सचिव शॉन डफी ने बताया कि फ्लोरिडा के पाम बीच काउंटी में आज हुआ विमान हादसा एक भयानक त्रासदी है। यह विमान, लियरजेट 60 था और ऑस्टिन, टेक्सास से रवाना हुआ था और बहामास जा रहा था। यह दुर्घटना पाम बीच काउंटी के एक इलाके, क्रेस्टहेवन के पास हुई, जो मार-ए-लागो से सात मील (11 किमी) से भी कम दूरी पर है। ट्रम्प खुद रविवार को मार-ए-लागो में थे।

दुर्घटना से लगभग एक घंटे पहले, सुबह 11:55 बजे, वे एयरपोर्ट पर'एयर फोर्स वन'से रवाना हो गए। रिपोर्ट के अनुसार एयर ट्रैफिक कंट्रोल रेडियो कॉल के अनुसार, दुर्घटना से कुछ मिनट पहले, विमान के पायलट ने बताया कि विमान पर बर्फ जम रही है। बाहर का तापमान -47 डिग्री से. है और मध्यम स्तर का टर्बुलेंस है।

पायलट ने कहा, हम नीचे जा रहे हैं

पायलट ने मियामी एयर रूट ट्रैफिक कंट्रोल सेंटर को रेडियो पर बताया, विमान पर हल्की, साफ बर्फ जम रही है जिसे संभाला जा सकता है, और मध्यम स्तर का टर्बुलेंस है। उन्होंने बताया कि बारिश या बर्फबारी शुरू हो गई है और विमान को ऊपर ले जाने की अनुमति मांगी, तो उन्होंने इमरजेंसी घोषित कर दी। मेडे, मेडे (आपातकालीन संकेत) - हम 10,000 फीट प्रति मिनट की दर से नीचे जा रहे हैं. हम ओवरस्पीड की स्थिति में हैं और 20,000 फीट प्रति मिनट की दर से नीचे जा रहे हैं... हम जमीन से टकराने वाले हैं। बैकग्राउंड में अलार्म की आवाजें सुनाई दे रही थीं, जबकि क्रू विमान पर फिर से कंट्रोल पाने की कोशिश कर रहा था। कंट्रोलर ने पायलटों से कहा कि वे कोई भी ऊंचाई चुन सकते हैं और उन्हें भरोसा दिलाते हुए कहा, मैं आपके साथ हूं. मुझसे बात करें। लेकिन हालात और बिगड़ते गए। पायलट ने कहा कि हम जमीन से टकराने वाले हैं।

ब्रीफ न्यूज

बेल्जियम के पीएम डी वेवर ने दिया इस्तीफा

ब्रसेल्स, आरएनएन। बेल्जियम के पीएम बार्ट डी वेवर ने बजट पर रातभर चली वार्ता विफल होने के बाद सोमवार सुबह राजा फिलिप के समक्ष अपनी सरकार का इस्तीफा पेश किया। राजा फिलिप से मुलाकात के बाद डी वेवर डेढ़ घंटे में महल से बाहर निकले।

बिजली की चपेट में आने से 8 मजदूरों की मौत

जयपुर। झुंझुनूं जिले के उदयपुरवाटी तहसील के छापोली गांव में सोमवार को सड़क निर्माण कार्य के दौरान करंट लगने से 8 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए।

नेपाल में फंसे 6 भारतीय पर्यटकों का किया रेस्क्यू

काठमांडू, आरएनएन। नेपाल के शे-फोक्सुंडो राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में भारी बर्फबारी में फंसे छह भारतीय पर्यटकों को सोमवार को निकाल लिया गया। दो महिला और चार पुरुष पर्यटकों से रविवार से संपर्क टूटा था और उन्हें सोमवार सुबह निजी हेलीकॉप्टर से बचाया गया।

पाकिस्तानी टिकटॉकर की शादी में भगदड़

लाहौर, आरएनएन। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के शादी समारोह में भगदड़ मचने से दो लोगों की मौत हो गई, 24 घायल हो गए। सियालकोट में टिकटॉकर मिस्टर पतलो के मेहंदी समारोह में इनाम पाने भगदड़ मच गई। पुलिस ने टिकटॉकर समेत नौ नामजद और 45 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया।


यूरोप के कई सुपरमार्केट में अचानक हैक होने लगे फ्रीज

एक के बाद एक कई साइबर अटैक किए

● नई दिल्ली

यूरोप के सुपरमार्केट में अब साइबर हमलावर फ्रिज और फ्रीजर को निशाना बना रहे हैं। बेल्जियम, लक्जमबर्ग, स्वीडन और एस्टोनिया में कई स्टोर के कूलिंग सिस्टम में अचानक गड़बड़ी सामने आई है। कुछ जगहों पर फ्रिज, फ्रीजर का तापमान बढ़कर 50 डिग्री से. तक पहुंच गया। कंपनियों ने इसे साइबर हमले से जुड़ा मामला बताया है।

इससे पूर्व फ्रांस में भी ऐसा ही हमला हुआ था, जहां सैकड़ों सुपरमार्केट के कूलिंग सिस्टम पर हैकर्स ने कब्जा कर लिया था। सोमवार को बेल्जियम और लक्जमबर्ग में सुपरमार्केट चलाने वाली कंपनियों अहोल्ड डेलहाइज, कोलरुइट ने बताया कि रात के दौरान आईटी हमले से दर्जनों स्टोर के फ्रिज और फ्रीजर प्रभावित हुए।



इवेपोरेटर को डीफ्रॉस्ट मोड में डाल दिया

बेल्जियम की रेफ्रिजरेशन कंपनी सबकोबेल के सीईओ स्टीफन मोएलन्स ने बताया कि यह साइबर हमला था। हमलावरों ने कूलिंग यूनिट के इवेपोरेटर को डीफ्रॉस्ट मोड में डाल दिया था। वहीं, कोलरुइट ग्रुप के प्रवक्ता ने बताया कि उसके पांच स्टोर के फ्रिज सिस्टम पर हमला हुआ. स्वीडन में भी सुपरमार्केट के कूलिंग सिस्टम को निशाना बनाया गया। देश के नेशनल साइबर सिक्योरिटी सेंटर के प्रमुख जॉन बिलॉव ने बताया कि उनका सेंटर किराना स्टोर के रेफ्रिजरेशन सिस्टम से जुड़े कई मामलों की जांच कर रहा है।

नेतन्याहू धुर विरोधी आइजनकोट से हाथ मिलाने को तैयार

● नई दिल्ली

इजराइल में सरकार बनाने सरगर्मी बढ़ गई है। 120 सीटों वाली इजराइली संसद यानी नेसेट में सरकार बनाने के जरूरी आंकड़े से दूर रहने के बीच पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने यशार पार्टी के लीडर गादी आइजनकोट के साथ गठबंधन का विकल्प खुला रखा है। सूत्रों का कहना है कि नेतन्याहू आइजनकोट के साथ हर मुमकिन ऑप्शन पर विचार कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया, नेतन्याहू को डर है कि आइजनकोट उन्हें सत्ता से हटाने अरब पार्टियों और अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स पार्टियों के साथ हाथ मिला सकते हैं। अरब पार्टियों की एक शर्त हमास को आतंकी संगठन कहें और उसके हथियार छीनने का समर्थन करें

पॉलिटिक्स : इजराइली पीएम को सता रहा एक डर



शर्त यह है : हमास को आतंकी संगठन कहें और उसके हथियार छीनने का समर्थन करें

क्या है सत्ता का गणित

120 सदस्यों वाली इजराइली संसद यानी नेसेट में सरकार बनाने 61 सीटों की जरूरत होती है। इसमें नेतन्याहू का गठबंधन के पास 53 सीटें हैं, जबकि गादी आइजेनकोट के नेतृत्व वाले विपक्षी खेमे को 48 सीटें मिलीं। 27 अक्टूबर 2026 को इजराइल के संसदीय चुनाव में अरब नेतृत्व वाली दो पार्टियों ने मिलकर 19 सीटें जीतीं। इस बीच, नेतन्याहू की पार्टी लिकुड सबसे बड़ी पार्टी है। उसे 27 सीटें मिली हैं। वहीं, ये 2022 की 32 सीटों से 5 कम है। सर्वाधिक फायदा अरब पार्टियों को हुआ है। जॉइंट लिस्ट को 11 और आम को 8सीटें मिली हैं। ये एक ऐतिहासिक आंकड़ा है। इनके पास 2022 में केवल 10 सीटें थीं। बता दें, यहूदी-अरब गठबंधन। आइजनकोट का गुट और दोनों अरब पार्टियां मिलकर 67 सीटें बनाती हैं।

नोरा फतेही को दिल्ली कोर्ट की फटकार-कोर्ट को हल्के में न लें

नई दिल्ली, आरएनएन। बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। मामले में गवाह के तौर पर पेश होने नोरा को 2 नवंबर को कोर्ट में उपस्थित होना था, लेकिन समन मिलने के बावजूद वह सुनवाई में अनुपस्थित रहीं। इस पर कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि अभिनेत्री को कोर्ट को हल्के में नहीं लेना चाहिए और उनका यह बर्ताव बिल्कुल भी उचित नहीं है। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को सूचित किया कि अभिनेत्री को समन की जानकारी दी थी, हालांकि उनके आने को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं थी।

मालदीव में पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद गिरफ्तार

यौन उत्पीड़न के कथित आरोपों में की गई कार्रवाई

माले, आरएनएन। मालदीव के पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद को यौन उत्पीड़न के कथित आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। वह मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के राष्ट्रपति पद के प्राइमरी चुनाव में हिस्सा ले रहे थे।



उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को राजनीतिक साजिश करार दिया है और कहा है कि यह सब राष्ट्रपति चुनाव से उन्हें हटाने के लिए किया गया है। वहीं मालदीव की पुलिस का दावा है कि उसने कोर्ट के आदेश पर अब्दुल्ला को गिरफ्तार किया है। अब्दुल्ला शाहिद यूएनजीए के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एमडीपी के पूर्व अध्यक्ष अब्दुल्ला को सोमवार रात हुलहुमाले स्थित ओशन फ्रंट रेजिडेंस से गिरफ्तार किया गया।

टकर का दावा- कुछ दिन में ईरान पर एटमी बम फेंकने वाला है अमेरिका

● वाशिंगटन

यूएस के रूढ़िवादी टिप्पणीकार टकर कार्लसन ने दावा किया है कि ट्रम्प प्रशासन ईरान पर परमाणु हमला करने की मंजूरी देने के बहुत करीब पहुंच सकता है।

कार्लसन ने आरोप लगाया है कि इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर ईरान के मध्य क्षेत्र में स्थित एक भूमिगत परमाणु सुविधा को



निशाना बनाने के लिए दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में संभावित लक्ष्य के रूप में पिकएक्स माउंटेन का जिक्र किया। इजरायली खुफिया एजेंसियों को संदेह है कि ईरान ने वहां फिर से परमाणु संवर्धन गतिविधियां शुरू कर दी हैं।

फॉक्स न्यूज के पूर्व होस्ट कार्लसन ने कहा कि अमेरिका के पारंपरिक हथियार शायद उस जगह पर मौजूद भूमिगत सुरंगों को सुरक्षित रखने वाली लगभग 300 फीट मोटी ग्रेनाइट चट्टानों को भेदने में सक्षम न हों। इसी वजह से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना जताई जा रही है। उन्होंने एक अज्ञात सूत्र के हवाले से कहा, बिबी (नेतन्याहू) इस बारे में ट्रम्प को हर दिन फोन करते हैं।

आज का इतिहास

- 1394- फ्रांस के सम्राट चार्ल्स षष्ठम ने यहूदियों को फ्रांस से बाहर खदेड़ दिया।
- 1493 - क्रिस्टोफर कोलंबस ने डोमिनिका द्वीप की खोज की।
- 1655- इंग्लैंड और फ्रांस ने सैन्य और आर्थिक समझौतों पर हस्ताक्षर किये।
- 1762- ब्रिटेन और स्पेन के बीच पेरिस की संधि हुई।
- 1796- जॉन एडम्स अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गये।
- 1857- नानाराव की मथुरा स्थित संपत्ति को ध्वस्त करने के लिये दिये आदेश।
- 1869- कनाडा में हैमिल्टन फुटबॉल क्लब अस्तित्व में आया।
- 1903- पनामा को कोलंबिया से आजादी मिली।

सिक्रेट मिशन — चीनी विमान की हरकत की यूएस खुफिया एजेंसी ने जारी की फोटो

चीन यूएस पर गिरा रहा रहस्यमयी वस्तुएं

● बीजिंग

चीन के गुप्त अंतरिक्ष विमान शेनलोंग की एक बेहद साफ तस्वीर सामने आई है। यह विमान पृथ्वी की कक्षा में चक्कर लगा रहा है और पहले भी अमेरिकी आसमान के ऊपर रहस्यमयी वस्तुएं छोड़ने को लेकर चर्चा में रहा है।

अमेरिका की खुफिया एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में इसकी तस्वीर जारी की है। इस फोटो से पहली बार विमान की बनावट और उसकी गतिविधियों के बारे में कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। शेनलोंग को चीन का रोबोटिक अंतरिक्ष विमान बताया जाता है। यह पिछले 6 साल से अंतरिक्ष में सक्रिय है और इस दौरान कई बार पृथ्वी की निचली कक्षा में अज्ञात वस्तुएं छोड़ने की घटनाओं को लेकर सुर्खियों में रहा है। इन



गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कई कंपनियां और अंतरिक्ष पर नजर रखने वाले लोग जमीन पर मौजूद रडार और दूसरे उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, शेनलोंग की यह तस्वीर साल 2024 में मैक्सर टेक्नोलॉजी के सैटेलाइट ने खींची थी। उस समय उपग्रह और विमान के बीच की दूरी करीब 90 किलोमीटर थी। तस्वीर की क्वालिटी इतनी बेहतर है कि इसमें हर पिक्सल 4.5 सेंटीमीटर के क्षेत्र को दिखाता है।

विमान की फोटो से पता चला

अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी (डीआईए) की एक खतरा आकलन रिपोर्ट का विमान की तस्वीर हिस्सा है। रिपोर्ट में शेनलोंग को ऐसे अंतरिक्ष विमान के रूप में बताया है, जो पृथ्वी की कक्षा में पहुंचकर अंतरिक्ष में वस्तुएं छोड़ सकता है। यह अंतरिक्ष में उपकरणों का परीक्षण करने और मिशन पूरा होने के बाद वापस धरती पर उतरने में भी सक्षम है। तस्वीर में शेनलोंग एक दूसरे उपग्रह से जुड़ा हुआ दिखाई दे रहा है। इसके सौर पैनल खुले हुए हैं और विमान के पिछले हिस्से में मौजूद सामान रखने वाला दरवाजा भी खुला नजर आ रहा है। इससे अंतरिक्ष पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों को यह समझने में मदद मिल सकती है कि चीन इस विमान का इस्तेमाल किस तरह के मिशन के लिए कर रहा है। दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले इस अंतरिक्ष विमान की बनावट काफी हद तक अमेरिका के बोइंग निर्मित एक्स-37बी जैसी है।



चीनी किलर मिसाइल ने यूएस शिप उड़ाया

वाशिंगटन, आरएनएन। चीन ने अपने सरकारी मीडिया के जरिए एक वीडियो जारी किया है जिसमें डीएफ-26बी एंटी-शिप कैरियर किलर मिसाइल एक यूएस विमानवाहक पोत जैसे नकली टारगेट को नष्ट करती दिख रही है। यह टेस्ट शिनजियांग के ताकलामाकन रेगिस्तान में रुओकियांग पर किया गया। वीडियो में मिसाइल की मारक क्षमता साफ नजर आती है। यह कदम पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में चीन की एंटी-एक्सेस यानी दुश्मन को रोकने की क्षमता का प्रदर्शन माना जा रहा है। साथ ही यह ताइवान और दक्षिण चीन सागर को लेकर तनाव के बीच सैन्य संदेश भी देता है।

समुद्री लुटेरों के कब्जे से बचाए गए 20 क्रू सदस्य

रक्षा मंत्री ने नौसेना को दी बधाई

● नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय नौसेना को एक सफल अभियान के लिए बधाई दी है। नौसेना ने सोमवार को अरब सागर में 20 चालक दल सदस्यों को समुद्री लुटेरों से बचाया। यह अभियान मुंबई से 3000 किमी से अधिक दूर चलाया गया। मछली पकड़ने वाले जहाज अजिनी को समुद्री लुटेरों ने अगवा कर लिया था। भारतीय नौसेना ने 48 घंटे के भीतर इस अभियान को अंजाम दिया। इसमें भारतीय वायु सेना का भी समय पर सहयोग मिला।



नौसेना ने त्वरित पहचान, अवरोधन, चालक दल व जहाज की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित की। यह नौसेना की उच्च परिचालन तत्परता को दर्शाता है। यह समुद्री खतरों पर निर्णायक प्रतिक्रिया देने की उसकी क्षमता को भी प्रदर्शित करता है। नौसेना ने अरब सागर में समुद्री लुटेरों से अगवा मछली पकड़ने वाले जहाज अजिनी के 20 क्रू को 48 घंटे के अभियान में बचाया।

मतगणना में धांधली का आरोप कलेक्ट्रेट पहुंचे सैकड़ों ग्रामीण, बोले- जीते प्रत्याशियों को हराया

गोपाल गुर्जर, धनराज गुर्जर और छोटू जाट ने अधिकारियों सहित विधायक भड़ाना पर लगाए गंभीर आरोप, दोबारा री-काउंटिंग और निष्पक्ष जांच की मांग

स्मार्ट हलचल / पुनित चपलोत





भीलवाड़ा। पंचायतीराज चुनाव 2026 की मतगणना को लेकर जिले में विवाद गहराता जा रहा है। सरपंच चुनाव में कथित धांधली और री-काउंटिंग में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए सोमवार को सैकड़ों ग्रामीण जिला कलेक्ट्रेट पहुंच गए। हिन्दू भोज सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल गुर्जर और पांसल के पूर्व सरपंच छोटू लाल जाट के नेतृत्व में पांसल, पालड़ी सहित मांडल विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने मतगणना की निष्पक्ष जांच, प्रभावित पंचायतों में दोबारा मतगणना कराने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान स्थानीय विधायक उदयलाल भड़ाना पर भी गंभीर आरोप लगाए गए।

पहले जीत का ऐलान, फिर 65 वोट से हारा बताया, जबरन हस्ताक्षर करवाए- गोपाल गुर्जर

हिंदू भोज सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल गुर्जर ने आरोप लगाया कि मतगणना के दौरान पहले उनकी जीत घोषित कर दी गई थी, लेकिन करीब एक-दो घंटे बाद तहसीलदार के आने पर उन्हें 65 वोटों से हारा हुआ बता दिया गया। उन्होंने कहा कि उन्होंने री-काउंटिंग करवाकर एक-एक मतपत्र दिखाने की मांग की, लेकिन अधिकारियों ने इनकार कर दिया। उनके अनुसार, मतपत्रों पर किसकी मुहर लगी है और वास्तविक स्थिति क्या है, इसकी जानकारी भी नहीं दी गई। उन्होंने जबरन हस्ताक्षर करवाने और उन्हें गाड़ी में बैठाकर ले जाने का भी आरोप लगाया। गोपाल गुर्जर का कहना है कि उनके समर्थकों ने रास्ते में गाड़ी रुकवाकर उन्हें वापस छुड़ाया। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रशासन से न्याय नहीं मिला तो न्यायालय की शरण लेंगे।

जीतने वाले प्रत्याशियों को री-काउंटिंग के नाम पर हराया, न्याय नहीं मिला तो लेंगे कोर्ट की शरण-धनराज गुर्जर

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धनराज गुर्जर ने आरोप लगाया कि जिले की कई ग्राम पंचायतों में जीतने वाले प्रत्याशियों को भी री-काउंटिंग के नाम पर हराया गया। उन्होंने कहा कि करीब 20-22 पंचायतों के प्रत्याशी अपनी शिकायतें लेकर उनके पास पहुंचे हैं। कई गरीब प्रत्याशियों को ग्रामीणों ने चंदा जुटाकर चुनाव लड़वाया था, लेकिन अब वे न्याय के लिए भटक रहे हैं। धनराज गुर्जर ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी ही चुनाव प्रक्रिया के लिए अधिकारियों और पोलिंग पार्टियों की नियुक्ति करते हैं। ऐसे में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कई जगह 50-50 मतपत्रों की गड्डियां बनाकर प्रत्याशियों को मतों की संख्या बता दी गई, जबकि प्रत्येक मतपत्र की पारदर्शी तरीके से गिनती और प्रत्याशियों को दिखाना जरूरी था। उन्होंने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और प्रभावित पंचायतों में दोबारा मतगणना कराने की मांग की। साथ ही कहा कि प्रशासन से न्याय नहीं मिला तो प्रभावित प्रत्याशी न्यायालय जाएंगे।

छोटू जाट बोले- हार-जीत नहीं, मतगणना की पारदर्शिता जरूरी

पांसल के पूर्व सरपंच प्रत्याशी छोटू जाट ने निर्वाचन अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें हार-जीत से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन मतगणना पारदर्शी होनी चाहिए थी। उन्होंने बूथवार मतों की गिनती दिखाने और दोबारा री-काउंटिंग कराने की मांग की, लेकिन आरओ ने उनकी बात अनसुनी कर उन्हें बाहर कर दिया। जाट ने विधायक उदयलाल भड़ाना पर चुनाव के दौरान पांच करोड़ रुपए के विकास कार्य और 300 लोगों को जिंदल में नौकरी दिलाने का आश्वासन देने का आरोप भी लगाया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि उनकी शिकायतों पर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा और न्यायालय में कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी। ग्रामीणों ने जिला निर्वाचन अधिकारी से पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर प्रभावित प्रत्याशियों को न्याय दिलाने की मांग की।

भीलवाड़ा में खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा, दो कोल्ड स्टोरेज से 1500 किलो खाद्य सामग्री नष्ट



गुड़ और साबूत लाल मिर्च की गुणवत्ता पर उठे सवाल, मौके पर ही कराया निस्तारण; धनिया, चना और किशमिश के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा। दीपावली के त्योहार पर आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर विभागीय टीम ने चित्तौड़ रोड स्थित दो कोल्ड स्टोरेज पर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान गुणवत्ता को लेकर संदेह के चलते 1500 किलोग्राम खाद्य सामग्री मौके पर ही नष्ट करवाई गई। कार्रवाई के दौरान दोनों कोल्ड स्टोरेज से 1000 किलोग्राम गुड़ और 500 किलोग्राम साबूत लाल मिर्च का निस्तारण कराया गया। खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर संदेह होने के बाद विभागीय टीम ने नियमानुसार इन्हें मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त मानते हुए मौके पर ही नष्ट करवाया। इसके साथ ही टीम ने कोल्ड स्टोरेज में रखे धनिया, चना और किशमिश के नमूने भी लिए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट और गुणवत्ता से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ विभाग की इस सख्त कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मच गया। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी कारोबारी को बख्शा नहीं जाएगा।

महापौर जसवंत कंवर ने किया वार्ड नं. 55 का दौरा, पार्षद अनिल डीडवानिया ने उठाईं जनसमस्याएं

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा। नगर निगम महापौर श्रीमती जसवंत कंवर ने आज वार्ड नं. 55 में मारुति नगर कुवाड़ा खान, मजिस्ट्रेट कॉलोनी, शिव सुंदर नगर, कंचन विहार, जैन ज्योति कॉलोनी, सांगानेर कॉलोनी, सर्वेश्वर कॉलोनी का दौरा कर वार्ड की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान वार्ड पार्षद अनिल डिडवानिया एवं वार्डवासियों ने महापौर का माला पहनाकर व रामायण जी पुस्तक भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस दौरान पार्षद अनिल डीडवानिया ने महापौर को वार्ड की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए पेयजल संकट के स्थायी समाधान के लिए नए ट्यूबवेल की व्यवस्था करवाने तथा सीसी रोड व नालिया बनाने के लिए सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग रखी। इस अवसर पर वार्डवासियों ने भी अपनी विभिन्न समस्याएं महापौर के समक्ष रखीं। महापौर ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान का आश्वासन दिया। पार्षद अनिल डीडवानिया ने उम्मीद जताई कि महापौर के दौरे के बाद वार्ड की पेयजल एवं सफाई व्यवस्था में सुधार होगा और वार्डवासियों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा। महापौर ने स्वागत एवं सम्मान के लिए पार्षद और वार्डवासियों का आभार व्यक्त किया

बापूनगर में नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित, 382 लोगों ने लिया लाभ

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा। राजकीय आयुर्वेद औषधालय बापूनगर में सोमवार को नि:शुल्क आयुर्वेदिक टीकाकरण मंत्रौषधि सुवर्णप्राशन संस्कार आयोजित किया गया। इसमें 1 माह से 16 वर्ष तक के 273 बच्चों को सुवर्णप्राशन की निशुल्क ड्राप पिलाई गई। शिविर में 109 लोगों की बीपी और शुगर की जांच की गई, जबकि अन्य लोगों को कई बीमारियों पर परामर्श दिया गया। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ उगन्ता मीणा ने बताया कि निशुल्क स्वर्ण प्राशन प्रति माह नियमित पुष्य नक्षत्र में कराया जाएगा। स्वर्ण प्राशन से बच्चों की बौद्धिक क्षमता, ताकत, एकाग्रता, पाचन शक्ति, सर्वांगीण विकास, सीखने की क्षमता, रोग प्रतिरोधक क्षमता और महामारी से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति के मुताबिक सोलह संस्कारों में पहला संस्कार स्वर्ण प्राशन संस्कार होता है। इसमें स्वर्ण भस्म को देशी घी और शहद के साथ घोटकर ड्रॉप्स तैयार की जाती है। इस मौके पर ज्योति दाधिच, पुजा मुंडेतिया का विशेष सहयोग रहा ।

गुरलां में वृद्धजन सम्मान समारोह आयोजित: महन्त पुनीत दास त्यागी ने 60 बुजुर्गों को शाल व माला पहनाकर किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल

गुरलां। स्थानीय टेकरी के हनुमान जी मन्दिर के महन्त पुनीत दास त्यागी महाराज के सान्निध्य में ग्राम गुरलां में एक भव्य 'गुरला बुजुर्ग सम्मान समारोह' (वृद्धजन सम्मान समारोह) का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्र म में समाज और गाँव के बुजुर्गों का अभिनन्दन कर उनका आशीर्वाद लिया गया।

ग्राम पंचायत के लिए हनुमान जी बड़ी तस्वीर भेट

महाराज ने हनुमान जी बड़ी तस्वीर ग्राम पंचायत बैठक हॉल के लिए भेंट की और महाराज ने कहा कि गांव के विकास में हनुमान जी कृपा बनी रहेगी

60 महिला पुरुष वृद्धजनों का हुआ सम्मान

समारोह के दौरान मुख्य आयोजक महन्त पुनीत दास त्यागी ने गाँव के 60 वृद्धजनों को माला पहनाकर और शाल ओढ़ाकर भावभीना सम्मान किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने तालियाँ बजाकर बुजुर्गों का उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही, महाराज ने ग्राम पंचायत बैठक हॉल के लिए हनुमान जी की एक भव्य व बड़ी तस्वीर भी भेंट की।

धार्मिक कार्यों पर हुई चर्चा, महाराज का भी हुआ स्वागत

कार्यक्रम में पहुँचने पर महन्त पुनीत दास त्यागी महाराज का भी ग्रामीणों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कजोड़ी मल सेन ने महाराज को साफा पहनाकर उनका बहुमान किया। समारोह को संबोधित करते हुए महाराज ने धार्मिक व सामाजिक कार्यों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की और सभी को सेवा मार्ग से जुड़ने की प्रेरणा दी।

व्यक्त किया आभार

कार्यक्रम के अंत में सत्यनारायण सेन ने सभी बुजुर्गों को सम्मानित करने और इस पुनीत कार्य का आयोजन करने के लिए महन्त पुनीत दास त्यागी महाराज का सहृदय धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

सम्मानित वृद्धजन लोग

सत्यनारायण शर्मा, रामपाल शर्मा, नन्द किशोर त्रिपाठी, कैलाश सोनी, शंकर लाल सेन, उदयलाल सेन, प्रकाश चन्द्र दाधीच, एवं कई महिलाओं एवं पुरुषों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया

राष्ट्रीय जूडो में दीपांशी ने जीता रजत पदक, पुर की बेटी ने बढ़ाया भीलवाड़ा का मान

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा दिल्ली में आयोजित 70वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता (एसजीएफआई) में भीलवाड़ा की होनहार जूडो खिलाड़ी दीपांशी खोईवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। 14 वर्षीय आयु वर्ग की जूडो प्रतियोगिता के 40 किलोग्राम भार वर्ग में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए ने सिल्वर मेडल जीतकर जिले को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। भीलवाड़ा जूडो सचिव एवं प्रशिक्षक चेतन चौबे ने बताया कि श्रीराम व्यायामशाला पुर की प्रतिभाशाली खिलाड़ी दीपांशी ने अपनी मेहनत, लगन और बेहतरीन खेल कौशल के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। उल्लेखनीय है कि दिपांशी ने पिछले वर्ष भी राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता था। लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक हासिल कर उन्होंने अपनी प्रतिभा और खेल के प्रति समर्पण साबित किया है। दिपांशी की इस उपलब्धि के पीछे नियमित अभ्यास, अनुशासन और कठिन परिश्रम के साथ उनके पिता यश खोईवाल तथा प्रशिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। श्रीराम व्यायामशाला पुर में कोच चेतन चौबे के सान्निध्य में बालक-बालिकाओं को जूडो का नियमित प्रशिक्षण दिया जाता है। यहां खिलाड़ियों को खेल की तकनीक, शारीरिक क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मक कौशल में निपुण बनाया जा रहा है। व्यायामशाला के खिलाड़ी लगातार राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर भीलवाड़ा पहुंचने पर खोई वाल का पुर गांव में ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने मुंह मीठा कराकर और फूलमालाओं से लादकर इस होनहार खिलाड़ी का अभिनंदन किया। गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा और लोगों ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्रीराम व्यायामशाला के उस्ताद गिरिराज चौबे, जूडो प्रशिक्षक जगदीश राजोरा, भगवतीलाल शर्मा, मनोज चतुर्वेदी, पुष्कर राजोरा, शिवकुमार खारोल, बाबूलाल गाडरी, देवी लाल खारोल, यशपाल खोईवाल, राजेंद्र आचार्य, अभिमन्यु चौबे सहित जूनियर एवं सीनियर जूडो खिलाड़ियों तथा गांव के गणमान्य नागरिकों ने दिपांशी का स्वागत कर उसकी उपलब्धि पर खुशी जाहिर की।

पीएम श्री धामनिया विद्यालय के विद्यार्थियों ने सेवन वंडर,रिवर फंट की इमारतों की स्मारको की वास्तुकला को देख हुए अभिभूत,

आधुनिक वास्तुकला में प्रसिद्ध इमारतों के स्मारको को देख की सराहना

स्मार्ट हलचल

काछोला नवंबर -पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धामनिया के छात्रों ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत पीएम श्री विद्यालय में चयनित होने पर कोटा शिक्षा नगरी का भ्रमण किया। सुरंग का अवलोकन किया,



उसके बाद हैंगिंग ब्रिज फिर सेवन वंडर्स, जियोलॉजिकल पार्क ऑक्सीजन हब पार्क चंबल गार्डन ,रिवर फ्रंट एवं पूरे शहर का बारीकी से भ्रमण किया छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा था छात्रों ने हर एक गतिविधि को बारीकी से समझा छात्रों ने स्थानीय विद्यालय के पीएम श्री प्रभारी जगदीश चंद्र मंत्री ने बताया कि कक्षा 6 से 8 के 145 विद्यार्थियों ने इस शैक्षिक भ्रमण पर गए ।

विद्यालय के संस्था प्रधान हीरा लाल शर्मा ने बताया की

शैक्षणिक भ्रमण कोटा के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में से सेवन वंडर्स पार्क में दुनिया के सात अजूबों के लघु चित्र बनाये गए हैं, जो कोटा के सात अजूबो के नाम से प्रसिद्ध है।सेवन वंडर्स पार्क में ताज महल, द ग्रेट पिरामिड, एफिल टॉवर, क्राइस्ट द रिडीमर ऑफ ब्राजील, लीनिंग टावर ऑफ पीसा, कोलोसियम और स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी शामिल हैं जो दुनिया भर से हजारों पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहा बने स्मारक किशोर सागर झील के किनारे पर स्थित हैं, जिससे इसकी सुंदरता और बढ़ जाती है। सेवन वंडर्स पार्क कोटा में घूमने के लिए सबसे आकर्षक जगहों में से एक है।कोटा को राजस्थान के शैक्षणिक रूप के साथ साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक पर्यटक स्थान आकर्षण का केंद्र बन रही है। कोटा रिवर फ्रंट आधुनिक वास्तुकला के बारे में,लोक नृत्य शो,सांस्कृतिक कार्यक्र म,डांसिंग वॉटर शो,चम्बल माता की आरती के साथ आध्यत्मिक बने,अद्भुत राजस्थानी संस्कृति और कला का अनुभव,विभिन्न देशों की विस्तृत वास्तुकला और इमारतों का अन्वेषण,एलईडी गार्डन जो लाइट्स से अलग अलग पक्षी,जानवर व पेड़ पौधे बनाये गए,वही विश्व विरासत क्षेत्र के 9 प्रसिद्ध इमारतें ,द्वार पर मूर्तियों,वास्तुकला,स्मारको, और फूलों के बर्तन से सजाएं हुए विद्यार्थियों को मंत्र मुग्ध कर रही है।रिवर फ्रंट पर एक ही जगह प्रसिद्ध स्मारकों की खूबसूरत प्रतिकृति का आनंद लिया और सराहा।इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य हीरालाल शर्मा, जगदीश मंत्री,नंद लाल प्रजापत,महावीर वैष्णव, देवी लाल गुर्जर,सीमा धाकड़,सुशीला कटेवा,टीना सोनी आदि छात्रों की टीम के साथ उपस्थित रहे।

चित्तौड़गढ़ जिला परिषद 2026

प्रतिष्ठा का महासमर या राजनीतिक महाविनाश की आहट !

सत्ता के सिंहासन के लिए बिछ चुकी हैं सियासी बिसात

स्मार्ट हलचल / आकाश शर्मा

चित्तौड़गढ़ जिला परिषद का यह चुनावी रण अब केवल गांवों और ढाणियों की पंचायत का दंगल नहीं रह गया है, बल्कि यह राजस्थान की राजनीति के भविष्य का वह "परमाणु परीक्षण" बन चुका है जिसकी गूंज आगामी विधानसभा तक सुनाई देगी। एक तरफ सत्ता के मद में चूर भाजपा का संगठन और अचूक चुनावी मशीनरी है, तो दूसरी तरफ अपने वजूद को बचाने और इतिहास को पलटने के लिए बेताब कांग्रेस का सामूहिक प्रतिशोध है। इस महामुकाबले में हर एक वोट बारूदी सुरंग बन चुका है, जहाँ एक चूक सीधे सियासी खात्मे का परवाना लिख सकती है।

भाजपा का चक्कर व्यूह,आक्या-जोशी की जोड़ी और जीत की जिद भारतीय जनता पार्टी इस चुनाव में किसी भी प्रकार की कोताही बरतने के मूड में नहीं है। पार्टी की कमान जमीन पर पकड़ रखने वाले निर्दलीय विधायक चंद्रभान सिंह आक्या के हाथों में है, जिन्हें सांसद सी.पी. जोशी के सियासी आभामंडल की अजेय ताकत मिल चुकी है । संगठन की ताकत के साथ सभापति, वार्ड पार्षदों की फौज और स्थानीय दिग्गजों का जमीनी नेटवर्क इस रथ को खींच रहा है । भाजपा विकास के विजन और डबल इंजन सरकार की नीतियों को ढाल बनाकर मैदान में है, लेकिन असली चुनौती इस रथ को आपसी अंतर्कलह और भीतरघात के भंवर से सुरक्षित बाहर निकालने की है।

कांग्रेस का 'सुसाइड स्क्वॉड', गलतियों से सीख और अस्तित्व की आखिरी जंग

पिछली गलतियों,चाहे वह गलत टिकट वितरण हो या गुटबाजी के चलते नगर परिषद के बोर्ड से हाथ धोने का जो भारी जख्म कांग्रेस को मिला था, उससे सबक लेते हुए इस बार पार्टी ने हाई-कमान के इशारे पर अपनी रणनीति पूरी तरह बदल दी है । कांग्रेस की सामूहिक एकजुटता के साथ में उदयलाल आंजना, सुरेंद्र सिंह जाड़ावत और बद्रीलाल जाट जगपुरा जैसे दिग्गजों ने अपने तमाम मतभेद ताक पर रखकर एक ऐसा 'अभेद्य मोर्चा' तैयार किया है, जो भाजपा के विजय रथ के पहिए जाम करने की कूवत रखता है।कांग्रेस की मजबूत पैंतरेबाजी नें इस बार टिकट वितरण में फूँक-फूँककर कदम रखे गए हैं और जमीनी चेहरों पर दांव खेलकर भाजपा के किलों में सेंधमारी की पुख्ता पटकथा लिख दी है । **भीतरघात और बगावत का बारूद, 'मान-मनोहर' का वह आखिरी पहर**

चुनाव प्रचार के इस अंतिम पड़ाव की रातें केवल प्रचार की नहीं, बल्कि राजनीति के उस काले सच की गवाह हैं जहाँ 'मान-मनोहर' और 'सौदा-पार्टी' का दौर अपने चरम पर है । जातिगत समीकरणों के समीकरण, स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे और अपनों द्वारा दिए गए धोखे,भीतरघात का डर दोनों ही दलों के आकाओं की रातों की नींद उड़ा चुका है ।आम मतदाता इस महासंग्राम में राजा की भूमिका में है, जिसके एक इशारे पर दिग्गजों का राजनीतिक साम्राज्य एक ही रात में धूल में मिल सकता है।

क्या चित्तौड़गढ़ की राजनीति में होने वाला है कोई बहुत बड़ा 'विस्फोट'

यह चुनाव महज़ जिला परिषद की कुछ सीटों का सौदा नहीं है,यह चित्तौड़गढ़ की सियासत का वह मोड़ है जहाँ से दो रास्ते निकलते हैं एक तरफ विजय का ताज और दूसरी तरफ "स्व-बलिदान" की वह सुगबुगाहट जो आने वाले समय में कई दिग्गजों का राजनीतिक संन्यास तय कर देगी। यदि भाजपा अपने विजय रथ की रफ्तार थामे रखती है, तो यह विरोधियों के ताबूत की आखिरी कील साबित होगी। लेकिन अगर कांग्रेस का यह नया चक्र व्यूह भेदने में भाजपा असफल रही, तो चित्तौड़गढ़ की धरती पर एक ऐसा राजनीतिक भूचाल आएगा जो यहां की स्थापित चेहरों की परिभाषा ही बदल कर रख देगा ।

फैसला जनता के हाथ में है और परिणाम इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों या स्याह कालिख से लिखा जाना तय है !

विधायक आक्या ने विभिन्न गांवों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को किया संबोधित



ओम जैन । स्मार्ट हलचल

शंभूपुरा। पंचायती राज चुनाव को लेकर विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने रविवार को पंचायत समिति क्षेत्र चित्तौड़गढ़ के विभिन्न ग्रामों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम एराल, गढवाडा, सेगवा, बिलिया खेडा एवं घोसुण्डा में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार द्वारा विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी अपनी बात रखी। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी, पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पंचायती चुनाव को लेकर टोंक पुलिस अलर्ट



संवेदनशील बूथों का एसपी ने किया निरीक्षण

स्मार्ट हलचल

टोंक/भरत देवड़वाल । पंचायती राज चुनाव-2026 के तृतीय चरण को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए टोंक पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है।जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना, आईपीएस ने सोमवार को पंचायत समिति पीपलू क्षेत्र के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी मीना ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, असामाजिक तत्वों पर सतर्क निगरानी रखने, हिस्ट्रीशीटरों पर निगरानी तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के कड़े दिशा-निर्देश दिए। एसपी रोशन मीणा ने कहा कि चुनाव में गड़बड़ी फैलाने वाले किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा और भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को शांतिपूर्ण व भयमुक्त चुनाव कराने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।

श्री राम पंचमुखी सेवा समिति के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न

स्मार्ट हलचल

चित्तौड़गढ़। श्री राम पंचमुखी सेवा समिति, मीरानगर चित्तौड़गढ़ के चुनाव 1 नवंबर को सभी पदों पर निर्विरोध सम्पन्न हुए। चुनाव में सत्यनारायण पुरोहित अध्यक्ष, शांतिलाल भराड़िया उपाध्यक्ष, मनीष चतुर्वेदी सचिव, गोविन्द वल्लभ त्रिपाठी सह सचिव तथा ललित मालू कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी राकेश मंत्री ने कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रमेश चन्द्र, सुरेशचन्द्र सोनी, मोहित मेनारिया, अनिल बांगड़, अनिल बादू एवं रमेश गिल शामिल हैं। संरक्षक मंडल में शिवलाल बादू, चुन्नीलाल मेनारिया, रमेशचन्द्र चतुर्वेदी, प्रहलाद मालू एवं ओमप्रकाश चतुर्वेदी को शामिल किया गया। उपस्थित सदस्यों ने कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्यनारायण पुरोहित ने अपने उद्बोधन में पूर्व कार्यकारिणी एवं पूर्व अध्यक्ष मालू द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम एवं उत्सव उल्लासपूर्वक आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने धर्मप्रेमी बंधुओं से कार्यक्रमों को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।

चंबल परियोजना का इंतजार कर रहे किसान

महंगाई से परेशान आमजन और नई अफीम नीति से किसानों में नाराजगी: पूर्व मंत्री जाड़ावत

ओम जैन । स्मार्ट हलचल

शंभूपुरा। पंचायत राज चुनावों के तहत जनसंपर्क कर रहे राजस्थान सरकार के पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने क्षेत्र की तीन प्रमुख समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार पर सवाल उठाए। चंबल परियोजना पर बोलते हुए जाड़ावत ने कहा कि चित्तौड़गढ़ क्षेत्र के लिए चंबल परियोजना पेयजल की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण और दूरगामी योजना है। यह परियोजना अगले 100 वर्षों तक क्षेत्र की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। एलएनटी कंपनी को टेंडर हो गया वर्क ऑर्डर के अभाव में पिछले छह महीने से परियोजना वित्त विभाग में अटकी पड़ी है। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 665 करोड़ की परियोजना मंजूर की थी जिसमें शहर एवं चित्तौड़गढ़



विधानसभा के सभी गांव मजरे ढाणी शामिल है। आखिर भाजपा सरकार इस महत्वपूर्ण परियोजना को गति कब देगी? कांग्रेस शासनकाल में इस महत्वाकांक्षी परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए थे, लेकिन वर्तमान में इसकी देरी से क्षेत्र की जनता को निराशा हो रही है। महंगाई पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की जरूरतों की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है। गरीब, मध्यम वर्ग, मजदूर और किसान सभी महंगाई से परेशान हैं। भाजपा सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जनता को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। नई अफीम नीति पर सवाल उठाते हुए जाड़ावत ने कहा कि 4.4 प्रतिशत मार्फिन की शर्त और सीपीएस व्यवस्था को लेकर अफीम किसानों में भारी नाराजगी है। चित्तौड़गढ़ क्षेत्र के हजारों किसानों की आजीविका अफीम की खेती से जुड़ी है। सरकार को किसानों की वास्तविक परिस्थितियों को समझते हुए नई नीति में आवश्यक संशोधन करना चाहिए। किसानों के हितों की अनदेखी किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में क्षेत्र के विकास, सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा और सिंचाई से जुड़े अनेक जनहितकारी कार्य किए गए। वर्तमान भाजपा सरकार की जिम्मेदारी है कि पूर्ववर्ती सरकार की विकास योजनाओं को आगे बढ़ाकर जनता को राहत दे। उन्होंने कहा कि पंचायत राज चुनावों में जनता चंबल परियोजना, महंगाई और अफीम नीति जैसे ज्वलंत मुद्दों पर सरकार के खिलाफ में कांग्रेस को वोट देकर तानाशाही सरकार को जवाब देगी।

रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण

योग, व्यावहारिक रक्षा तकनीकों और कानूनी अधिकारों के पाठ का कराया बोध

स्मार्ट हलचल

उदयपुर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पानेरियों की मादड़ी में 'पीएम श्री' योजना के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय जिला स्तरीय रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आज छठा दिन बेहद ज्ञानवर्धक और उपयोगी गतिविधियों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर के दौरान शिक्षिकाओं और छात्राओं को शारीरिक, मानसिक और कानूनी रूप से सशक्त बनाने के लिए विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया। शिविर के छठे दिन की शुरुआत ऊर्जावान प्रातःकालीन सत्र से हुई, जिसमें शिक्षिकाओं को योग, वार्मअप, प्राणायाम और मेडिटेशन (ध्यान) का गहन अभ्यास करवाया गया। योग विशेषज्ञ श्री गगनदीप कुलहरि ने इस सत्र में भाग लिया। उन्होंने जीवन में योग के महत्व को रेखांकित करते हुए इसके शारीरिक और मानसिक लाभों पर एक विशेष व्याख्यान दिया। इसके बाद



छात्राओं के लिए आत्मरक्षा के व्यावहारिक सत्र का आयोजन किया गया। मास्टर ट्रेनर नरेश कुमार एवं श्रीमती निरंजना शर्मा द्वारा छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए निम्नलिखित तकनीकों का कड़ा अभ्यास करवाया गया पंच और ब्लॉक की तकनीकें ,व्यावहारिक आत्मरक्षा के कदम ,अचानक होने वाले चाकूवार, लाठीवार तथा पीछे से पकड़ने जैसी खतरनाक स्थितियों से खुद को सुरक्षित निकालने और बचाव करने के अचूक तरीके। शिविर का दूसरा सत्र सामाजिक और कानूनी जागरूकता पर केंद्रित रहा,जिसमें राष्ट्रीय महिला जागृति मंच की न्याय एवं अनुशासन समिति की प्रधान संरक्षक श्रीमती सुरभि मेनारिया ने जेंडर इक्विटी (लैंगिक समानता) और घरेलू हिंसा जैसे गंभीर विषयों पर अपने विचार रखे और छात्राओं को जागरूक किया। आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज की वरिष्ठ चिकित्सक श्रीमती रेणुका पेगवार (पैथोलॉजी विभाग) ने छात्राओं को हेल्थ एंड हाइजीन, विभिन्न बीमारियों के लक्षणों की पहचान और उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया।एडवोकेट श्री ऋषभ ने छात्राओं को कानून के दायरे में मिलने वाले विभिन्न अधिकारों और उनसे जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रह सकें। दिनभर चले विभिन्न सत्रों के अंत में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा छात्राओं को पूर्व में सिखाई गई सभी आत्मरक्षा तकनीकों का त्वरित रिवीजन और पुनः अभ्यास करवाया गया, जिससे छात्राएं सीखी गई तकनीकों को अच्छी तरह आत्मसात कर सकें। शारीरिक कौशल, मानसिक शांति, स्वास्थ्य चेतना और कानूनी ज्ञान के अनूठे संगम के साथ प्रशिक्षण बेहद सफल और प्रेरणादायी रहा। प्रशिक्षण का समापन मंगलवार 3 नवंबर को होगा।

लोकगीतों की ताल पर लोकतंत्र की पुकार, लोक संस्कृति के जरिए जगाई मतदान की अलख

राजस्थानी वेशभूषा, लोकनृत्य और पारंपरिक प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों ने दिया मतदान का संदेश, स्वीप अभियान के तहत जिलेभर में हुए आयोजन

स्मार्ट हलचल । अनिल खींची

ब्यावर । कहीं लोकगीतों की गूंज तो कहीं पारंपरिक नृत्यों की थाप, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच विद्यार्थियों ने लोकतंत्र में मतदान की अहमियत का संदेश दिया। जिला स्वीप के तत्वावधान में सोमवार को जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में 'लोक संस्कृति के रंग, लोकतंत्र के संग' थीम पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने राजस्थानी लोकगीतों, पारंपरिक वेशभूषा और लोकनृत्यों के माध्यम से आमजन को मतदान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने लोककलाओं के



जरिए मतदान को लोकतंत्र की मजबूती का आधार बताते हुए प्रत्येक नागरिक से चुनाव में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी लोक परंपराओं को लोकतांत्रिक जिम्मेदारी से जोड़ते हुए अधिकाधिक मतदान का संदेश दिया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी धनदान देथा के निर्देशन में आयोजित गतिविधियों में उन्होंने कहा कि लोक संस्कृति आमजन तक अपनी बात पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। स्थानीय परंपराओं और लोककलाओं के जरिए मतदान जागरूकता का संदेश समाज के हर वर्ग तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है। जिला स्वीप टीम की ओर से निर्धारित थीम के तहत जिले के राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में नियमित जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इनका उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन में मतदान के प्रति सकारात्मक सोच विकसित कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करना है।

सफाई की कमान संभाल खुद मैदान में उतरे पार्षद रौनक हींगड़,

श्रमदान कर वार्डवासियों को दिया स्वच्छता का संदेश

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा शहर के शास्त्री नगर स्थित वार्ड संख्या 42 में स्वच्छता को लेकर जनप्रतिनिधि की सक्रियता की मिसाल देखने को मिली। वार्ड पार्षद रौनक हींगड़ ने केवल सफाई व्यवस्था का जायजा लेने और निर्देश देने तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि



स्वयं मैदान में उतरकर सफाई अभियान में श्रमदान किया। उन्होंने वार्ड की गलियों और आसपास के क्षेत्रों में सफाई कार्य कर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और जनभागीदारी निभाने का संदेश दिया। पार्षद रौनक हींगड़ ने वार्ड की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए स्वयं सफाई कार्य में हाथ बंटाया। इस दौरान उन्होंने वार्डवासियों से अपील की कि स्वच्छता केवल नगर निगम या सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी इसमें बराबर का दायित्व है। उन्होंने कहा कि जब तक आमजन अपनी जिम्मेदारी समझकर स्वच्छता अभियान से नहीं जुड़ेंगे, तब तक स्वच्छ और सुंदर वार्ड की परिकल्पना साकार नहीं हो सकती।

पार्षद को स्वयं सफाई करते देख स्थानीय लोगों में भी उत्साह नजर आया। उनकी पहल से प्रेरित होकर युवा और अन्य वार्डवासी भी अभियान में शामिल हुए तथा सफाई कार्य में सहयोग किया। स्थानीय नागरिकों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। रौनक हींगड़ की इस पहल ने यह संदेश दिया कि जनप्रतिनिधि यदि खुद आगे बढ़कर उदाहरण पेश करें तो आमजन को भी सामाजिक सरोकारों से जोड़ना आसान हो जाता है। वार्ड 42 में शुरू हुई यह पहल शहर के अन्य वार्डों के लिए भी प्रेरणा बन सकती है।

गंगापुर में विहंगम योग संस्थान द्वारा भव्य रक्तदान शिविर, 91 यूनिट रक्तदान

स्मार्ट हलचल

गंगापुर पूज्य संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज की पावन प्रेरणा से विहंगम योग संस्थान द्वारा सामुदायिक भवन गंगापुर में विश्वव्यापी रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। नगरवासियों ने इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शिविर में कुल 91 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। शिविर स्थल पर पहुंचे विधायक लादू लाल पीतलिया ने



रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवनदान है और समाज के प्रति यह सबसे बड़ी सेवा है। विधायक महोदय ने संस्थान के कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की। शिविर के सफल आयोजन में विहंगम योग संस्थान के संयोजक कैलाश पारीक, कैलाश सुखवाल, हरिओम दाधीच, देवेंद्र जोशी, लादू लाल दाधीच, देवी लाल जैन, राकेश बापना तथा कल्याणमल कुम्हार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मातृशक्ति की ओर से रिचा देवेंद्र जोशी, माया सेन, सुमित्रा दाधीच और रेखा शर्मा सहित अन्य महिला स्वयंसेविकाओं ने भी सक्रिय रूप से सहयोग दिया।शिविर में नगर के विभिन्न वर्गों के लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। संस्थान के कार्यकर्ताओं ने बताया कि पूज्य संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज की प्रेरणा से नियमित रूप से ऐसे सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें जनसामान्य की भागीदारी बढ़ रही है। रक्तदान शिविर का वातावरण अत्यंत उत्साही और अनुशासित रहा।

जीवन में सफलता शिक्षा से प्राप्त होती हैं - मीणा

स्मार्ट हलचल

आकोला कोटडी ब्लॉक के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (CBEO) जगदीश नारायण मीणा ने राउमावि उदलियास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीबीईओ महोदय द्वारा प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों से संवाद किया गया तथा जीवन में सफलता के मूल मंत्र विषय पर मार्गदर्शन दिया गया। विद्यालय के रिकॉर्ड्स का गहनता से अवलोकन किया गया, जिसमें कर्मचारी उपस्थिति रजिस्टर, अध्यापक दैनंदिनी रजिस्टर, विद्यार्थी उपस्थिति रजिस्टर, आदि मुख्य रहे। शौचालय तथा विद्यालय परिसर स्वच्छता,



कंप्यूटर लेब, मिड डे मिल आदि का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए। विद्यालय की शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन कर शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने, नियमित रूप से पाठ्यक्रम पूर्ण करने, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति बढ़ाने, कमजोर विद्यार्थियों पर कार्ययोजना बनाकर रि यान्वयन करने और शालादर्पण रैंकिंग बिंदुओं पर समयबद्ध कार्य करने के निर्देश दिए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्य मीनाक्षी शर्मा ने सीबीईओ महोदय का स्वागत करते हुए उन्हें विद्यालय में संचालित गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। विद्यालय के संचालन और कार्यशैली पर सीबीईओ महोदय द्वारा स्टाफ की प्रशंसा कर प्रोत्साहित किया गया । इस दौरान समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

गंगापुर नगर पालिका द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

स्मार्ट हलचल

गंगापुर मेले के अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कवियों और कवयित्रियों ने अपनी काव्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में हास्य, प्रेम, गीत, पैरोडी और वीर रस की रचनाओं ने ऐसा समां बांधा कि श्रोता देर तक तालियां बजाते रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मथुरा से आई कवयित्री पूनम वर्मा ने सरस्वती वंदना से किया। ठेकला गंगापुर के गीतकार मूमल राजगोपाल ने अपने चर्चित राजस्थानी गीत 'कोरे काळजे लपट उठे' तथा इंस्टाग्राम पर लोकप्रिय अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से माहौल को गीतमय बना दिया। प्रतापगढ़ के कवि पार्थ नवीन



ने 'जग घूमिया राजस्थान सा ना कोई' एवं हर एक नेता कुर्सी को ऐसे देखता है
बबीता को जैसे जेठालाल देख रहा हो।
सहित अनेक पैरोडियों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कवि दीपक पारीक ने अपनी जबरदस्त हास्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। हास्य के साथ उन्होंने संदेशपरक रचनाएं भी सुनाईं। उनकी पंक्तियां–
काफिये सारे मिलाना जानता हूँ, गीत ग़ज़लें सब सुनाना जानता हूँ
अब किसी सैलाब से खतरा नहीं है, मैं दिलों में घर बनाना जानता हूँ ने श्रोताओं की खूब दाद बटोरी।पोटलां गंगापुर के कवि एवं कार्यक्रम के सूत्रधार बद्री बसंत ने अपनी कविता– मां तन, मन से रीझती है,बोई बेल उसे खून से सींचती है।
के माध्यम से मातृत्व और समर्पण के भावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।
मथुरा से आई कवयित्री पूनम वर्मा ने 'मैं ब्रज की बांसुरी हूं, प्रेम का संदेश लाई हूं' जैसे मुक्तकों के साथ प्रेमगीत सुनाकर श्रोताओं को प्रेम और भक्ति के भावों से सराबोर किया
शक्करगढ़ से आये कवि राजकुमार बादल ने राजस्थानी गीतों की झड़ी लगाते हुए म्हारी चाय ने भी मीठी कर दे और राजनैतिक सूचिता पर गीत पढ़कर जबरदस्त माहौल बनाया ।
कार्यक्रम का संचालन मुंबई से आए कवि सुनील व्यास ने किया। उन्होंने अपनी भावुक कविता–
रूबरू तो देखा नहीं ईश्वर को कभी पर,
मेरा दावा है मेरे पिता से ज्यादा खूबसूरत नहीं हो सकता।
सुनाकर पूरे वातावरण को भावनात्मक बना दिया। पिता के प्रति प्रेम और सम्मान से ओतप्रोत इन पंक्तियों पर श्रोताओं ने भावपूर्ण प्रतिक्रिया दी।
वहीं अलवर से आए प्रसिद्ध वीर रस के कवि विनीत चौहान ने अपनी ओजस्वी प्रस्तुति से श्रोताओं में वीर रस का संचार किया। उनकी पंक्तियां–
सोलह हजार रानी कूदी जौहर कुंड को मान दिया,
राजपूती आन बचाने को पावन अग्नि स्नान किया।
ने इतिहास, त्याग और राजपूती आन-बान के भावों को जीवंत कर दिया।
कवि सम्मेलन में नगरपालिका गंगापुर के चेयरमैन प्रीति लखन काकाणी, उपाध्यक्ष रश्मि चौहान, अधिशासी अधिकारी ,धीरज चंदेल, पार्षद राजकुमार तेली, रामप्रसाद माली, मुकेश चंदेल,भोलाराम माली,बंशी लाल रैगर ,मनीष सांखला प्रशांत कसेरा सहित सभी पार्षदगण गंगापुर व आसपास के हजारों श्रोता उपस्थित थे।

बरसों बाद मिली खुशी....

दीपावली से पहले वन कर्मचारियों को पदौन्ति का तोहफा

उप वन संरक्षक वी. केतन कुमार ने पदोन्नत वनकर्मियों का किया रैंक अलंकरण

स्मार्ट हलचल / आकाश शर्मा

चित्तौड़गढ़। चित्तौड़गढ़ वन मण्डल में दीपावली के पावन पर्व पर पदोन्नत हुए वनकर्मियों के सम्मान में आज कार्यालय परिसर में एक गरिमामयी 'रैंक अलंकरण समारोह' का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम की अध्यक्षता उप वन संरक्षक (DCF) वी. केतन कुमार ने की । समारोह के दौरान उप वन संरक्षक वी. केतन कुमार ने पदोन्नत हुए कार्मिकों के कंधों पर नई रैंक के बैच (स्टार) लगाकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान श्री लेखराज खटीक को वनपाल (Forester) तथा श्री झूमरराम, श्री रोहित नाथ, श्री योगेश कुमार गुर्जर व श्री ललित खटीक को सहायक वनपाल (Assistant Forester) पद के रैंक अलंकरण से विभूषित किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों और स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति

इस गौरवपूर्ण अवसर पर वन मण्डल के आला अधिकारियों और कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर पदोन्नत कार्मिकों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में सहायक वन संरक्षक (ACF) भावना शर्मा, क्षेत्रीय वन अधिकारी (Ranger) भूपेन्द्र सिंह शक्तावत ,अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जिले सिंह जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही वनमण्डल डिवीजन चित्तौड़गढ़ के समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम में शामिल होकर साथी कर्मचारियों को इस बड़ी तरक्की पर बधाई दी।



जिम्मेदारी और निष्ठा से कार्य करने का आह्वान

उप वन संरक्षक श्री वी. केतन कुमार ने सभी पदोन्नत कार्मिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई रैंक के साथ अब फील्ड में उनकी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है। सहायक वन संरक्षक भावना शर्मा और क्षेत्रीय वन अधिकारी भूपेन्द्र सिंह शक्तावत ने भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दीपावली के ऐन वक्त पर मिली यह पदोन्नति पूरे स्टाफ के लिए गर्व का विषय है और इससे मैदानी स्तर पर वनों की सुरक्षा तथा वन्यजीव प्रबंधन को और मजबूती मिलेगी। समारोह के अंत में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जिले सिंह और स्टाफ सदस्यों ने सभी पदोन्नत अधिकारियों का मुंह मीठा करवाया। पूरे कार्यालय में उत्सव और हर्ष का माहौल रहा ।

युवाओं ने ली लोकतांत्रिक शपथ, उदयपुर में आयोजित हुआ विकसित भारत युवा संवाद

राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने युवाओं से किया सीधा संवाद

एसआईआर एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जुड़े सवालों के दिए जवाब

स्मार्ट हलचल



उदयपुर मेरा युवा भारत (माय भारत), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विकसित भारत युवा संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के निदेशक छात्र कल्याण डॉ. विक्रमादित्य दवे के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 200 युवाओं एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। देशभर के 500 विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किए जा रहे राष्ट्रव्यापी विकसित भारत युवा संवाद अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का विषय 'अपना वोट जानें (नो योअर वोट)' रहा। कार्यक्रम में ओलंपिक एथलीट सुश्री महेश्वरी चौहान एवं युवा आइकन कशिश चावला की उपस्थिति ने युवाओं को सार्वजनिक जीवन, खेल उत्कृष्टता एवं राष्ट्र निर्माण के विभिन्न पहलुओं से जुड़ने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने युवाओं के साथ लोकतंत्र, निर्वाचन प्रक्रिया एवं मताधिकार के महत्व पर विचार साझा किए। उन्होंने युवाओं के सवालों का जवाब देते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण विद्यार्थियों एवं राज्यसभा सांसद के बीच आयोजित खुला संवाद रहा। इस दौरान युवाओं ने एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण), मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं संशोधन की प्रक्रिया, मतदान के अधिकार, निर्वाचन प्रक्रिया, लोकतांत्रिक संस्थाओं तथा शासन व्यवस्था में युवाओं की भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सवाल पूछे और अपने विचार रखे। सांसद श्री गरासिया ने युवाओं की जिज्ञासाओं का जवाब देते हुए उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की जानकारी रखने और जिम्मेदारीपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ओलंपिक एथलीट सुश्री महेश्वरी चौहान ने अपनी खेल यात्रा एवं अनुभव साझा करते हुए युवाओं को अनुशासन, निरंतर प्रयास और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। युवा आइकन सुश्री कशिश चावला ने भी युवाओं को लोकतांत्रिक जागरूकता एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में समाजसेवी गजपाल सिंह राठौड़, सुरेंद्र सिंह पंवार, डॉ. जिनेंद्र शास्त्री एवं आरएएस अधिकारी प्रमोद कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन लोकतांत्रिक शपथ के साथ हुआ। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्री चुन्नीलाल गरासिया ने उपस्थित युवाओं को लोकतांत्रिक शपथ दिलाई। युवाओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए जागरूक, जिम्मेदार एवं सक्रिय नागरिक के रूप में देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। युवाओं को लोकतांत्रिक संस्थाओं के करीब लाने वाला विकसित भारत युवा संवाद अभियान युवाओं को केवल देश की प्रगति के प्रति जागरूक करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। इस पहल के माध्यम से युवा शक्ति को विकसित भारत @2047 के संकल्प का अभिन्न अंग बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

नहर के पाइप टूटने की वजह से किसानों को पिलाई के लिए हो रही परेशानी

स्मार्ट हलचल



दिगोद : भोंरा पंचायत के गांव में किसानों द्वारा नहरों से सिंचाई के पानी को लेकर किसानों ने नाराजगी जाहिर करि है,! ग्रामीण शौकत अली ने बताया कि नहरों से खेतों तक धोरो के माध्यम से पानी किसानों के खेतो मे जाता है, लेकिन धोरो से टूटने की वजह से किसानों को इंजन के माध्यम से खेतो मे सिंचाई करनी पड़ रही है, जबकि नहरो मे में किसान पानी की पिलाई जमा करते हैं! किसानों पर इंजन के पानी का बार डीजल की महंगाई से पड़ रहा है, जिससे किसान परेशान हो रहा है! आपसे निवेदन है किसानों की समस्या का समाधान करवाया जाये ! इस मौके पर बाबूलाल सोनू कमल पीर मोहम्मद सलाम भाई सादिक भाई साबिर भाई सत्तार भाई मनोज विष्णु मीणा हीरालाल देवलाल आदि किसान मौजूद रहे ! धोरो से टूटने की वजह से किसानों को इंजन के माध्यम से खेतो मे सिंचाई करनी पड़ रही है, जबकि नहरो मे में किसान पानी की पिलाई जमा करते हैं! किसानों पर इंजन के पानी का बार डीजल की महंगाई से पड़ रहा है, जिससे किसान परेशान हो रहा है! आपसे निवेदन है किसानों की समस्या का समाधान करवाया जाये ! युवा नेता इंजीनियर रवि मीणा बल्लभपुरा ने मौके पर जाकर किसानों से बात करि एवं सीएडी विभाग के अधिकारी, द्रुढ़ विनोद मालव एवं महावीर मालव से बात करि एवं किसानों की समस्या के बारे में अवगत करवाया, अधिकारियों ने अस्थाई समाधान के लिए आश्वासन दिया है! इस मौके पर बाबूलाल सोनू कमल पीर मोहम्मद सलाम भाई सादिक भाई साबिर भाई सत्तार भाई मनोज विष्णु मीणा हीरालाल देवलाल आदि किसान मौजूद रहे !

महावीर मालव (Aen): अभी किसने की समस्या के लिए अस्थाई समाधान करवा दिया जाएगा एवं सीएडी विभाग के अधिकारियों से पाइप डलवाने के लिए बात करि है !

विनोद मालव (Aen) : किसानों ने समस्या के बारे में अवगत करवाया है जल्दी अस्थाई समाधान करवा दिया जाएगा एवं पाइप डलवा दिया जाएगा!

पंचायत चुनाव 2026

सिद्धमुख में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, असामाजिक तत्वों को दी कड़ी चेतावनी

स्मार्ट हलचल



सिद्धमुख आगामी पंचायत चुनाव 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को सिद्धमुख कस्बा क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च चूरू के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश के नेतृत्व में निकाला गया, जिसमें थानाधिकारी राजेंद्र सिंह तथा सिद्धमुख एसएचओ धर्मेंद्र कुमार सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस अधिकारियों ने कस्बे के मुख्य बाजारों, चौराहों और संवेदनशील इलाकों का दौरा कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश ने कहा कि चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बिगाड़ने या शांति भंग करने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। पुलिस ने नागरिकों से शांति बनाए रखने तथा बिना किसी डर के मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की।

जयपुर में सिंधी कैंप से ही चलेंगी रोडवेज बसें

ट्रैफिक पुलिस ने 7 दिन बंद की थी एंट्री; विवाद के बाद कहा-आदेश नहीं,एडवाइजरी थी

स्मार्ट हलचल



जयपुर में ट्रैफिक पुलिस ने दिवाली के मौके पर 7 दिन तक सिंधी कैंप बस स्टैंड से रोडवेज बसें नहीं चलाने का आदेश वापस ले लिया है। रोडवेज प्रशासन ने इसका विरोध किया तो ट्रैफिक पुलिस ने कहा- यह केवल एडवाइजरी थी, कोई आदेश नहीं था।

ट्रैफिक डीसीपी प्रवीण नायक ने कहा- त्योहार के मौके पर सिंधी कैंप की जगह अन्य कुछ जगहों से बसों के संचालन का सुझाव दिया था, ताकि शहर में ट्रैफिक का लोड कम हो सकेगा।

उन्होंने कहा- रोडवेज या प्राइवेट बसों की सिंधी कैंप या शहर के अन्य इलाकों में एंट्री बंद नहीं की गई है। बसें सामान्य दिनों की तरह ही संचालित होंगी। दरअसल, ट्रैफिक पुलिस ने 3 से 9 नवंबर तक सिंधी कैंप में रोडवेज बसों की एंट्री बंद करने का आदेश जारी किया था। ट्रैफिक पुलिस का कहना था कि दिवाली के समय जयपुर में ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए ये फैसला लिया गया है। अलग-अलग रूट की इन बसों के लिए वैकल्पिक बस स्टैंड तय किए गए हैं। इससे पहले प्राइवेट बसों की सिंधी कैंप में एंट्री पर रोक लगाई गई थी। हालांकि अब विरोध के बाद ट्रैफिक पुलिस ने आदेश नहीं, एडवाइजरी जारी करने की बात कही है।

लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए 3 और 5 नवंबर को मतदान अवश्य करें : जिला निर्वाचन अधिकारी अपर्णा गुप्ता ,

तृतीय चरण में पंचायत समिति बहरोड़, नीमराणा, विराटनगर एवं मैड-कुंडला क्षेत्र में होगा मतदान

स्मार्ट हलचल

पावटा कोटपूतली-बहरोड़ जिले में पंचायतीराज आम चुनाव 2026 के तृतीय चरण के तहत जिले की पंचायत समिति बहरोड़, नीमराणा एवं विराटनगर क्षेत्र की 27 ग्राम पंचायतों में तथा मैड-कुंडला क्षेत्र की 18 ग्राम पंचायतों में 3 नवंबर को जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों तथा 5 नवंबर को ग्राम पंचायत के पंच एवं सरपंच पदों के लिए मतदान होगा। दोनों दिवस मतदान का समय प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक निर्धारित है। जिले की पंचायत समिति बहरोड़, नीमराणा, विराटनगर एवं मैड-कुंडला क्षेत्र में 6 नवंबर को ग्राम पंचायत के उपसरपंच के लिए मतदान एवं मतगणना होगी। कोटपूतली-बहरोड़ जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता ने निर्वाचन क्षेत्र के सभी पात्र मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता का वोट लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के साथ ही गांवों के विकास और स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान लोकतंत्र में नागरिकों की भागीदारी का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रत्येक मतदाता को बिना किसी भय, दबाव या प्रलोभन के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से युवा मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा पहली बार मतदान करने वाले युवाओं से इस अवसर को अपनी जिम्मेदारी के रूप में लेने का आह्वान किया। उन्होंने मतदाताओं से अपने परिवारजनों, पड़ोसियों एवं परिचितों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील करते हुए कहा कि व्यापक जनभागीदारी से ही लोकतंत्र की नींव मजबूत होती है। मतदाता निर्धारित समय पर अपने मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करें तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी मतदान संपन्न करवाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करने की अपील की।

वोट बचाओ देश बचाओ महारैली में दिल्ली पहुंचे सैकड़ों अल्पसंख्यक विभाग के कार्यकर्ता

स्मार्ट हलचल



सांगोद 2 नवम्बर को सांगोद व कोटा देहात से अल्पसंख्यक विभाग के सैकड़ों कार्यकर्ता राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष एम डी चोपदार के निर्देशन में दिल्ली में आयोजित वोट बचाओ देश बचाओ महारैली व पैदल मार्च में शामिल हुए जिला देहात कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष असरार अहमद ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट बचाओ देश बचाओ महारैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने को मिला सागोद विधानसभा क्षेत्र वह कोटा देहात से कांग्रस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष असरार अहमद के नेतृत्व मे बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने महारेली में भाग लेकर लोकतंत्र और मताधिकार के लिए अपनी आवाज़ बुलंद की महारेली में कोटा देहात के विधानसभा क्षेत्र से विभिन्न इलाके से बड़ी संख्या में कांग्रेस जन दिल्ली पहुंचे कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए संगठन की मजबूती का संदेश दिया वही सागोद से भी अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ मे खासा उत्साह नजर आया जिसमें उमरदीन चौधरी, सलीम अंसारी, अब्दुल इस्लाम, इब्राहिम अली मेवाती, जहागीर खान,उरफान अंसारी,जावेद चौधरी, युनुस पठान ,रिजवान चौधरी,असलम अंसारी, साबुद्दीन, शहजाद अंसारी,असगर अली समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे

कोटा के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. यशवंत राय चौरासिया को 'क्लिनिकल एजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड'

18 वर्षों के योगदान के लिए मुंबई में इंटरनेशनल फिजियो क्रिएटर्स फेस्ट में किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल



कोटा फिजियोथेरेपी एवं पुनर्वास चिकित्सा के क्षेत्र में 18 वर्षों से उल्लेखनीय सेवाएं दे रहे कोटा के वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. यशवंत राय चौरासिया को 'क्लिनिकल एजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान 25 अक्टूबर 2026 को मुंबई में आयोजित इंटरनेशनल फिजियो क्रिएटर्स फेस्ट-2026 में प्रदान किया गया। यह सम्मान फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव, चिकित्सकीय योगदान और पुनर्वास सेवाओं के प्रति समर्पण के लिए दिया गया। डॉ. चौरासिया कोटा में राधा रमन ऑर्थो-न्यूरो फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन हॉस्पिटल, बोरखेड़ा तथा मोशन फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर, कुन्हाड़ी के माध्यम से मरीजों को उपचार एवं पुनर्वास सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उनका कार्यक्षेत्र ऑर्थोपेडिक एवं न्यूरो रिहैबिलिटेशन, स्पाइनल कॉर्ड इंजरी, स्ट्रोक तथा घुटना प्रत्यारोपण के बाद होने वाले पुनर्वास से जुड़ा है। वे मरीजों को शारीरिक क्षमता दोबारा विकसित करने, गतिशीलता में सुधार लाने और सामान्य जीवन की ओर लौटने में फिजियोथेरेपी की भूमिका के प्रति जागरूक करने के साथ उपचार सेवाएं भी दे रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि को कोटा के चिकित्सा एवं फिजियोथेरेपी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर मिला यह सम्मान क्षेत्र में पुनर्वास चिकित्सा की बढ़ती भूमिका और विशेषज्ञ सेवाओं की पहचान को भी रेखांकित करता है। सम्मान समारोह में डॉ. अली ईरानी, डॉ. सुदीप काले, डॉ. सर्वोत्तम चौहान सहित देशभर से आए फिजियोथेरेपी एवं चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

जी 20 में बोले डॉ. जयशंकर सैन्य विकल्पों से नहीं, कूटनीति से हल होंगे वैश्विक संकट



स्मार्ट हलचल

अटलांटा। अमेरिका के अटलांटा में आयोजित जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक और क्वाड देशों की मंत्रिस्तरीय बैठक के मंच से भारत ने एक बार फिर वैश्विक संकटों के समाधान के लिए शांति और कूटनीति का कड़ा संदेश दिया है। इन बैठकों में भारत का पक्ष रखते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने स्पष्ट किया कि वर्तमान समय में दुनिया जिन गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है, उनका समाधान युद्ध या सैन्य विकल्पों के जरिए कभी नहीं निकाला जा सकता। एक मुख्य प्लेनरी सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. जयशंकर ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में जारी उथल-पुथल पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने रेखांकित किया कि दुनिया इस समय जिस ऊर्जा संकट का सामना कर रही है, वह उत्पादन की किसी कमी का नतीजा नहीं है। इसके विपरीत, यह संकट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी अनिश्चितता, कृत्रिम रुकावटों, अत्यधिक महंगी लागत और संसाधनों तक विकासशील देशों की पहुंच की चुनौतियों के कारण पैदा हुआ है। उन्होंने आगाह किया कि ऊर्जा प्रवाह का राजनीतिकरण करना और जानबूझकर ऊर्जा व्यापार को बंधक बनाना बेहद हानिकारक है, जिसका सबसे बड़ा खामियाजा 'ग्लोबल साउथ' के कम आय वाले देशों को भुगतना पड़ रहा है। बैठक से इतर विदेश मंत्री ने भारतीय राजनयिकों से भी मुलाकात की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा अमेरिका में तैनात भारतीय महावाणिज्य दूतों (कॉन्सुल जनरल) के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों पर विस्तृत चर्चा हुई। व्यापार, नवाचार, शिक्षा और सामुदायिक जुड़ाव से जुड़ी नई पहलों और मंचों के बारे में जानकारी दी गई। यह हमारे संबंधों के व्यापक और गहरे स्वरूप को दर्शाता है। विदेश मंत्री ने भारत के कूटनीतिक विकल्पों को विस्तार देते हुए कनाडा, ब्राजील, अर्जेंटीना, मैक्सिको और जर्मनी के विदेश मंत्रियों के साथ अलग-अलग गहन द्विपक्षीय बैठकें कीं। कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद के साथ मुलाकात में दोनों देशों के बीच सहयोग के नए अवसरों, क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक जुड़ाव की समीक्षा की गई। अर्जेंटीना के विदेश मंत्री पाब्लो किर्नो और ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा के साथ हुई वार्ता मुख्य रूप से महत्वपूर्ण खनिजों (जैसे लिथियम), रक्षा सहयोग, परमाणु सहयोग और ऊर्जा सुरक्षा पर केंद्रित रही। जर्मनी के विदेश मंत्री और मैक्सिको के विदेश मंत्री रॉबर्टो वेलास्को अल्वारेज़ के साथ व्यापार वृद्धि, उन्नत प्रौद्योगिकी और बहुपक्षीय मंचों पर आपसी तालमेल बढ़ाने को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।

चुनावी रण में उतरी प्रशासनिक मशीनरी, 416 बूथों पर आज मतदाताओं की अग्निपरीक्षा

चार पंचायत समितियों में 3.85 लाख मतदाता करेंगे गांव की सरकार चुनने के लिए मतदान, सुबह 7 से शाम 6 बजे तक चलेगी वोटिंग...

स्मार्ट हलचल । अनिल खींची



ब्यावर । गांवों की सरकार चुनने के लोकतांत्रिक महापर्व का तीसरा चरण मंगलवार को आयोजित होगा। जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए होने वाले मतदान को लेकर सोमवार को सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय परिसर से चार पंचायत समितियों के 416 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दल रवाना हुए। अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान दलों को ईवीएम और निर्वाचन सामग्री सौंपकर निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार रवाना किया गया। तृतीय चरण में जैतारण, जवाजा, नरबदखेड़ा एवं रास पंचायत समितियों में चुनावी मुकाबला होगा। इन क्षेत्रों के 68 पंचायत समिति वार्डों एवं 116 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत कुल 3 लाख 85 हजार 950 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। जैतारण में 144, जवाजा में 82, नरबदखेड़ा में 88 तथा रास में 102 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिला परिषद के 14 वार्डों एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए 3 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान दलों की रवानगी के दौरान चुनाव सामग्री वितरण, वाहन पार्किंग एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। जिला निर्वाचन अधिकारी कमल राम मीना ने अधिकारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, स्वच्छता, शौचालय एवं सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था रखने के साथ मतदान के बाद ईवीएम को सुरक्षित संग्रहण स्थल तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए। इधर, सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए 4 नवंबर को नामांकन प्रक्रिया होगी तथा 5 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान के बाद ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर मतगणना होगी। 6 नवंबर को उपसरपंच पद के चुनाव होंगे, जबकि जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों की सभी चरणों की मतगणना 20 नवंबर को होगी।

गोबर और मिट्टी के दीयों से रोशन होगी दीपावली, मंदिरों में होगी विशेष सजावट और रोशनी

पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने किया वोकल फॉर लोकल का आह्वान, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण से भक्तिमय होगा दीपोत्सव



स्मार्ट हलचल

जयपुर- दीपावली के पावन पर्व पर इस बार प्रदेश में स्वदेशी उत्पादों, पारंपरिक संस्कृति और धार्मिक आस्था का विशेष संगम देखने को मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे दीपावली पर घरों और प्रतिष्ठानों को सजाने के लिए गाय के गोबर और मिट्टी से बने दीयों, धूप-बत्ती, अगरबत्ती एवं अन्य पारंपरिक उत्पादों को प्राथमिकता दें। मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि स्थानीय कारीगरों, ग्रामीण महिलाओं और छोटे उद्यमियों द्वारा तैयार किए जाने वाले इन उत्पादों को अपनाने से उनकी मेहनत को सम्मान मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। गोबर एवं मिट्टी से बने उत्पाद हमारी परंपरा और पर्यावरण संरक्षण से भी जुड़े हैं। स्थानीय उत्पादों की खरीदारी आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मंदिरों में सजेगी दीपावली की विशेष रौनक

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर देवस्थान विभाग के अधीन आने वाले प्रमुख मंदिरों में दीपावली के अवसर पर विशेष सजावट और रोशनी की व्यवस्था की जा रही है। मंदिरों को आकर्षक विद्युत सजावट, दीपों और पारंपरिक साज-सज्जा से सजाया जाएगा। इसके साथ ही मंदिरों में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण जैसे धार्मिक आयोजनों से दीपोत्सव को भक्तिमय बनाया जाएगा। मंदिरों में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भी पर्व का विशेष आध्यात्मिक और उत्सवी वातावरण देखने को मिलेगा। मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश की धार्मिक विरासत, मंदिरों की परंपराओं और आस्था के केंद्रों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मंदिरों की सजावट और धार्मिक आयोजनों से दीपावली की खुशियां जन-जन तक पहुंचेंगी और धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि इस दीपावली पर स्वदेशी उत्पाद अपनाएं, स्थानीय कारीगरों का सहयोग करें और अपने आसपास खुशियां बांटकर त्योहार मनाएं। गोबर और मिट्टी के दीयों से जगमगाते घर-आंगन तथा रोशनी से सजे मंदिर प्रदेश में संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता का संदेश देंगे।

रफ्तार के रण में ब्यावर के नन्हे सितारों ने दिखाया दम, स्केटिंग ट्रैक पर बरसे पदक

पहली जिला रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में 150 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा, सेंट पॉल्स और RSA स्कूल का रहा दबदबा; रुद्रांश-नव्या बने सर्वश्रेष्ठ स्केटर

स्मार्ट हलचल । अनिल खींची



ब्यावर। शहर में खेल प्रतिभाओं को नई पहचान देने के उद्देश्य से आयोजित प्रथम ब्यावर जिला रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता-2026 में नन्हे खिलाड़ियों ने अपनी रफ्तार, संतुलन और हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। ब्यावर रोलर खेल संघ के तत्वावधान एवं YMCA के सहयोग से राठौड़ स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित प्रतियोगिता में करीब 150 बालक-बालिकाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में सेंट पॉल्स स्कूल एवं RSA स्कूल (बाय गोकुल अकादमी) के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपना दबदबा कायम रखा। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के लिए 200, 300, 500 एवं 1000 मीटर की स्पीड स्केटिंग स्पर्धाएं आयोजित की गईं। ट्रैक पर खिलाड़ियों के बीच पदक जीतने के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिला। खास बात यह रही कि दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पैरा रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसने आयोजन को विशेष पहचान दी। समापन समारोह में YMCA अध्यक्ष राजेश बैपटिस्ट, ब्यावर रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन अध्यक्ष रंजू देवी, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट रागसुख गुर्जर, अंतरराष्ट्रीय कबड्डी निर्णायक महेंद्र सिंह राठौड़ एवं भामाशाह महेंद्र रांका ने विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्रदान कर सम्मानित किया। अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन भी किया गया।

रुद्रांश और नव्या बने सर्वश्रेष्ठ स्केटर

प्रतियोगिता में रुद्रांश एवं नव्या चौधरी को सर्वश्रेष्ठ स्केटर के पुरस्कार से नवाजा गया, जबकि आतिश एवं आन्या सिंह को उभरते खिलाड़ी के विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में पुष्कर, आरिफ, गर्वित, संकेत, दक्ष, दिशा, अनमोल, वीर, मयंक, वंश, अतिश, त्वक्षथा, नव्या, नवय, पलवी, पायल, सोनित, गुंजन, रुद्राक्ष, मानसीका, देवांश, अन्वी, रुद्रांश, अतिक्ष, आयत एवं तेजश्री सहित अन्य खिलाड़ी शामिल रहे। द्वितीय स्थान पर वीर, माथा, वंश, निशिल, योगेंद्र, संकेत, पुष्कर, हितेश, हर्षिक, राजेश, कनिष्ठा, राखिया, दिव्यम, आरोही, आदित्य, प्रतीक, जया, विवान, शगुन, लक्षित, रेयांश, क्रियांश एवं साकेत सहित अन्य खिलाड़ियों ने स्थान बनाया। वहीं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों में अभिषेक, रोहिन, माहिर, अनमोल, राधा, निशिल, रोडका, प्रिंस, धवल, नमन, रणव, तनिष्का, मनीषा, सोनिता, विनी, माहिक, असांभी, यश, रुचिका, इवान, जीविका, रियांश, ह्रियांश एवं कल्पित सहित अन्य खिलाड़ी शामिल रहे। आयोजन का उद्देश्य ब्यावर में रोलर स्केटिंग खेल को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय प्रतिभाओं को जिला स्तर पर अपनी क्षमता दिखाने का अवसर प्रदान करना रहा। प्रतियोगिता ने शहर में स्केटिंग के प्रति बढ़ते आकर्षण और खेलों में बच्चों की रुचि को भी उजागर किया।

खाद्य सुरक्षा विभाग की गंगापुर सिटी में बड़ी कार्रवाई

147 किलोग्राम अधिक कलर युक्त इमरती, जलेबी, मोतीचूर के लड्डू व फ्रेंच फ्राइज मौके पर करवाए नष्ट

मिर्जापुर-गंगापुर सिटी पहुंची खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम, दीपावली पर 6 नमूने लिए

स्मार्ट हलचल



गंगापुर सिटी। दीपावली पर्व के मद्देनजर बाजारों में मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग को देखते हुए आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर तथा जिला कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार जिले में ''शुद्ध आहार मिलावट पर वार'' अभियान के तहत सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संयुक्त टीम मिर्जापुर, गंगापुर सिटी पहुंची। टीम ने दुकानों पर बिक रही अधिक रंगयुक्त मिठाइयों की जांच की। इस दौरान अधिक रंग वाली इमरती, जलेबी एवं मोतीचूर के लड्डू कुल 147 किलोग्राम मौके पर ही नष्ट करवाए गए। इसके साथ ही ठेलों पर खुले में बिक रहे रंगयुक्त फ्रेंच फ्राइज भी नष्ट करवाए गए। जांच के दौरान कई स्थानों पर जलेबी, कचौरी एवं अन्य खाद्य सामग्री अखबार पर रखकर बेची जाती मिली। टीम ने हलवाइयों एवं दुकानदारों को अखबार पर खाद्य सामग्री नहीं रखने के लिए पाबंद किया तथा अखबार की स्याही से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान की जानकारी दी। साथ ही मिठाइयों में अधिक रंग का उपयोग नहीं करने की हिदायत दी गई।

छह खाद्य नमूने लिए

कार्रवाई के दौरान श्री बाबा मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी, सैनी मिष्ठान भंडार से मिल्क केक, गोविंद प्रसाद सैनी से मावा बर्फी, पूजा चाट भंडार से खीरमोहन, राकेश कुमार मुकेश कुमार से पोहा तथा मोनू चाट भंडार से इस्तेमाल किए गए रिफाइंड सोयाबीन तेल का नमूना लिया गया। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। अमानक या असुरक्षित पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। साफ-सफाई एवं अन्य कमियां मिलने पर तीन खाद्य कारोबारकर्ताओं को सुधार नोटिस भी जारी किए गए। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यालय सहित जिले के सभी ब्लॉकों में मिठाइयों की सैंपलिंग एवं निरीक्षण की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाश पूर्विया, नितेश गौतम, चंचल मीणा, ज्योति अग्रवाल, वीरेंद्र सिंह राजपूत एवं राजेंद्र प्रसाद मीणा की टीम द्वारा की गई।

न्यूज इन बॉक्स



कानोड़िया कॉलेज की छात्राओं ने खेल प्रतियोगिताओं में रचा इतिहास, पाँच चैंपियनशिप में जीते 42 पदक

जयपुर(नि.सं.)। कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर की छात्राओं ने राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सत्र 2026-27 की विभिन्न अंतर महाविद्यालयी महिला खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। छात्राओं ने बास्केटबॉल, तैराकी, शतरंज, बॉक्सिंग एवं जूडो की प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और उत्कृष्ट टीम भावना का परिचय देते हुए कुल 42 पदक अर्जित किए। इनमें तैराकी एवं जूडो में महाविद्यालय ने विजेता चैंपियनशिप प्राप्त की, जबकि बास्केटबॉल, शतरंज एवं बॉक्सिंग में उपविजेता का स्थान हासिल किया। अंतर महाविद्यालयी महिला तैराकी प्रतियोगिता में दिनांक 1 अक्टूबर 2026 को महाविद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण, 3 रजत एवं 1 कांस्य सहित कुल 11 पदक जीतकर विजेता का खिताब प्राप्त किया। वहीं दिनांक 30 अक्टूबर 2026 को आयोजित महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में टीम ने उपविजेता रहते हुए 12 रजत पदक अर्जित किए।



स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर राजस्थान पुलिस अकादमी में ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक शुरू

रनिंग, योग-प्राणायाम और पौधारोपण गतिविधियों में प्रशिक्षुओं व स्टाफ ने लिया हिस्सा

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक के आयोजन का शुभारंभ पर्यावरण जागरूकता एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों के साथ किया गया। इस अवसर पर अकादमी के प्रशिक्षुओं एवं अधिकारियों की उपस्थिति में पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के तहत रनिंग इवेंट का आयोजन किया गया। इसके साथ ही प्रशिक्षुओं एवं स्टाफ को योग और प्राणायाम करवाकर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अकादमी परिसर में पौधारोपण भी किया गया।



कोटा में बनेगा राज्य का सबसे बड़ा एकीकृत जिला न्यायालय परिसर

नया कोर्ट परिसर बड़ी उपलब्धि, लेकिन सुलभ, त्वरित और निष्पक्ष न्याय मिलना सर्वोपरी :बिरला



जयपुर(नि.सं.)। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कोटा में करीब 290 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले एकीकृत जिला न्यायालय परिसर एवं अधिवक्ता कक्षों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि कोटा में प्रदेश का सबसे बड़ा और आधुनिक जिला न्यायालय परिसर बनने जा रहा है। लंबे समय से अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारी और आम नागरिक चाहते थे कि न्यायालयों से जुड़ी सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर मिलें। नए परिसर से उनकी यह जरूरत पूरी होगी और न्यायिक कार्यों में भी आसानी होगी। बिरला ने कहा कि न्यायालय भवन बन रहा है यह हमारी उपलब्धि है, लेकिन उससे भी जरूरी है कि आम आदमी को सरल, सुलभ, त्वरित और निष्पक्ष न्याय मिले। अदालत में आने वाले हर व्यक्ति को सम्मान के साथ बैठने और अपनी बात रखने की सुविधा मिलनी चाहिए। इसके लिए न्यायपालिका, अधिवक्ताओं और प्रशासन को मिलकर काम करना होगा।

54 कोर्ट और अधिवक्ताओं के लिए अलग चौंबर

बिरला ने कहा कि अलग-अलग स्थानों पर संचालित न्यायालयों के कारण न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और वादकारियों को परेशानी होती है। नए परिसर में सभी न्यायालय एक स्थान पर होंगे। यहां आधुनिक तकनीक, अधिवक्ता चौंबर और वादकारियों के बैठने की व्यवस्था होगी। परिसर में 54 न्यायालय, करीब 240 अधिवक्ता चैम्बर, कैंटीन, बैंक, लाइब्रेरी, बैठक कक्ष, टाइपिस्ट, फोटोकॉपी और दुकानों की सुविधाएं प्रस्तावित हैं।

ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह

ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह के प्रथम दिवस पर जयपुर वन मण्डल में 95 गतिविधियाँ आयोजित



जयपुर(नि.सं.)। राज्य सरकार द्वारा मिशन लाइफ के अंतर्गत दिनांक 01 से 07 नवम्बर 2026 तक आयोजित किए जा रहे ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक के प्रथम दिवस रविवार को जयपुर वन मण्डल के अंतर्गत विभिन्न वन क्षेत्रों, रेंज कार्यालयों, नाकों एवं पौधशालाओं में स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की थीम पर विभिन्न जागरूकता एवं जनभागीदारी संबंधी गतिविधियों का आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जयपुर सिटी रेंज स्थित स्मृति वन में योग सत्र एवं वॉकाथोन के आयोजन के साथ किया गया, जिसमें लगभग 100 लोगों ने भाग लेकर नियमित व्यायाम, शारीरिक सक्रियता एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान प्रतिभागियों को दैनिक जीवन में योग, व्यायाम एवं पर्यावरण के अनुकूल आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न रेंज कार्यालयों में मिशन लाइफ की पर्यावरण संरक्षण संबंधी शपथ , कार्यालय परिसर में साफ-सफाई तथा पौधारोपण जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। वहीं विभिन्न वन नाकों एवं पौधशालाओं में भी पौधशाला परिसर की साफ-सफाई, पौधों की देखभाल, पौधारोपण एवं मिशन लाइफ की शपथ सहित विभिन्न 95 गतिविधियों का आयोजन किया गया।



पूर्व-विधायक बोले-जिला प्रमुख कांग्रेस का बना दो, जूते मैं दूंगा

भाजपा की ईंट से ईंट बजाऊंगा; निवाई का विधायक तो पिटता है, बच के रहना

टोंक(वि.सं.)। टोंक में निवाई के पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा ने कहा- प्रधान आप बनाओगे तो भाजपा की ईंट से ईंट मैं बजाऊंगा। जिला प्रमुख कांग्रेस का बिठाओगे, तो जूते तो मैं दे दूंगा। हालांकि, जूते किसके दूंगा ये तो पता नहीं। मैं अफसरों की बात नहीं कर रहा हूं। उनके तो हाथ जोड़-जोड़कर काम करा लेता हूं।

पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा बोले- निवाई का विधायक तो पिटता ही पिटता है, वर्तमान विधायक के भी दो साल बचे हैं, उनको भी कहूंगा कि भाई साहब बच के रहना। प्रशांत बैरवा रविवार शाम 5 बजे टोंक (पहाड़ी कट इलाके) में पत्नी सुषमा बैरवा के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे।

मुख्य सचिव ने केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव से की मुलाकात

ग्रामीण महिला उद्यमियों को उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए मिलेगा राष्ट्रीय मंच



जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने के प्रयासों के क्रम में मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन में केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री रोहित कंसल से मुलाकात की। बैठक में जयपुर में दिसंबर 2026 में राष्ट्रीय सरस मेले के आयोजन तथा वीबी-जी राम जी की प्रगति पर चर्चा हुई। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) द्वारा राष्ट्रीय सरस मेला 2026-27 का आयोजन 25 दिसंबर 2026 से 11 जनवरी 2027 तक जयपुर में प्रस्तावित है। इस 18 दिवसीय मेले का आयोजन जवाहर कला केंद्र के दक्षिणी परिसर, शिल्पग्राम एवं इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान परिसर में करने की तैयारी है। मेले के आयोजन के लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

मेले में राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों के प्रदर्शन एवं बिक्री के लिए लगभग 750 से 800 स्टॉल प्रस्तावित हैं।

इसके साथ ही खानपान के लगभग 50 स्टॉल, हस्तशिल्प निर्माण का सजीव प्रदर्शन, कार्यशालाएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तावित हैं।



सरपंच प्रत्याशी का फॉर्म रिजेक्ट,दूसरे उम्मीदवारों ने नाम वापस लिए

पंचायत में नहीं हो सके पंच-सरपंच के चुनाव; बोले-इलेक्शन लड़ते तो भाईचारा खत्म हो जाता

अलवर(वि.सं.)। अलवर की उमरैण पंचायत समिति की सावड़ी ग्राम पंचायत में 30 अक्टूबर को पंच-सरपंच के चुनाव नहीं हो सके। वजह- लेट होने के कारण एक प्रत्याशी का नामांकन फॉर्म रिजेक्ट कर दिया गया था। इस पर वह बेहोश होकर गिर गए थे। इसके बाद सरपंच और वार्ड पंच के अन्य सभी प्रत्याशियों ने भाईचारा निभाते हुए अपने नामांकन वापस ले लिए थे। इनमें 4 सरपंच प्रत्याशी और 9 वार्ड पंच उम्मीदवार थे। सरपंच पद के प्रत्याशी जितेंद्र सिंह नट ने बताया- मैंने पंचायत से मिला फॉर्म भरकर 29 अक्टूबर को नामांकन दाखिल किया था।

प्रेमी के साथ मिलकर पति पर हमला

जयपुर-पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति पर हमला किया:दोनों को साथ में घूमते हुए देख लिया था

घर में घुसकर चाकू से वार किया

जयपुर। जयपुर में पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति पर जानलेवा हमला कर दिया। दोनों ने घर में घुसकर पति पर चाकू से हमला किया। पीड़ित को शरीर पर कई जगह से काट भी दिया। पति ने पत्नी और उसके प्रेमी को जयपुर के बड़ी चौपड़ पर साथ में घूमते हुए देख लिया था। पति प्राइवेट जॉब करता है। घटना के बाद जवाहर सर्किल थाने में पीड़ित पति ने शनिवार को पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई।



पति ने बड़ी चौपड़ पर प्रेमी के साथ देख लिया था

ASI मुरारी लाल ने बताया- मालवीय नगर के रहने वाले 41 साल के व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पति ने आरोप लगाए कि उसकी पत्नी का किसी के साथ अवैध संबंध है। 23 अक्टूबर की सुबह करीब 6-30 बजे पत्नी और प्रेमी को जयपुर के बड़ी चौपड़ पर आपत्तिजनक अवस्था में देखा गया। इसके बाद पति प्रेमी के साथ पत्नी को घूमते पकड़े जाने पर अवैध संबंधों का विरोध किया। वहां मौजूद लोगों ने दोनों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी डाला। इसके बाद 23 अक्टूबर को ही रात के करीब 8-30 बजे पत्नी और उसके प्रेमी ने घर में घूसकर उस पर पति पर हमला कर दिया।

सभी के लिए स्वास्थ्य का विजन | कैंसर स्क्रीनिंग के क्षेत्रीय प्रदर्शन में राजस्थान दूसरे स्थान पर

सफल सार्वजनिक-निजी सहभागिता और एचपीवी पायलट परियोजना से कैंसर स्क्रीनिंग के क्षेत्रीय प्रदर्शन में राजस्थान दूसरे स्थान पर

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री के सभी के लिए स्वास्थ्य के विजन को साकार करने की दिशा में प्रदेश का चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग पूर्ण प्रभावी ढंग से कार्य कर रहा है। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि व्यापक सार्वजनिक-निजी सहभागिता तथा उन्नत एचपीवी पायलट परियोजना के माध्यम से कैंसर स्क्रीनिंग के क्षेत्रीय प्रदर्शन में राजस्थान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश में अब तक 1.58 करोड़ स्तन कैंसर तथा 3.33 करोड़ मुख कैंसर स्क्रीनिंग की जा चुकी है। यह क्रमशः निर्धारित लक्ष्य का 84 और 87 प्रतिशत है। राष्ट्रीय गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम



(एनपी-एनसीडी) के अंतर्गत राजस्थान में विकेंद्रीकृत कैंसर उपचार एवं देखभाल संबंधी बुनियादी ढांचे का व्यापक विस्तार किया जा रहा है। इस पहल से सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में समेकित देखभाल व्यवस्था को शामिल करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने प्रारंभिक जांच, सार्वजनिक एवं निजी चिकित्सा संस्थानों के बीच समन्वय तथा स्थानीय स्तर पर उपचार सुविधाओं का विस्तार किया है। इसके माध्यम से प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्तन, मुख एवं सर्वाइकल कैंसर के बढ़ते मामलों की रोकथाम एवं समय पर पहचान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्लोबोकैन की नवीनतम कैंसर रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में प्रतिवर्ष स्तन कैंसर के अनुमानित 4,630 नए मामले सामने आते हैं। इसकी वार्षिक दर प्रति लाख जनसंख्या पर 31 मामले है, जो राष्ट्रीय औसत 31.2 के लगभग समान है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर सक्रिय पहल की जा रही है। इसके तहत 30 वर्ष एवं इससे अधिक आयु की महिलाओं की स्क्रीनिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि प्रारंभिक जांच से लेकर उपचार तक की सुविधाएं यथासंभव उनके नजदीक उपलब्ध करवाई जा सकें। इस रोकथाम एवं जांच अभियान का प्रमुख आधार प्रदेश में संचालित 15,297 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) तथा 19,902 स्वास्थ्य संस्थानों का व्यापक नेटवर्क है।

संक्षिप्त समाचार

ईरान समझौता करना चाहता है, बातचीत सही दिशा में, सैन्य कार्रवाई का विकल्प भी खुला : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका के साथ ईरान समझौता करना चाहता है और दोनों देशों के बीच बातचीत अच्छी चल रही है। हालांकि, उन्होंने ईरान की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह समझौता करने के बाद पीछे हट जाता है। फ्लोरिडा में हैलोवीन पार्टी के दौरान पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि ईरान समझौता करना चाहता है, लेकिन यह देखना होगा कि क्या वह वास्तव में किसी समझौते पर पहुंचने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, ''वे समझौता करना चाहते हैं। हम देखेंगे कि वे ऐसा कर पाते हैं या नहीं।'' ट्रंप ने कहा कि ईरान बहुत भरोसेमंद नहीं है। वह पहले समझौता करता है और फिर उससे पीछे हट जाता है। इसके बावजूद अमेरिका बातचीत को लेकर जल्दबाजी में नहीं है। उन्होंने कतर की मध्यस्थता में चल रही बातचीत की समयसीमा को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि अमेरिका को कोई खास जल्दबाजी नहीं है। ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया कि 'अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में ईरान की नौसेना, वायुसेना और हथियार निर्माण की क्षमताओं को भारी नुकसान पहुंचाया गया है।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े 'पिकएक्स माउंटेन' को निशाना बनाने की धमकी भी दोहराई। उन्होंने कहा कि अमेरिका चाहे तो इस ठिकाने पर बहुत तेजी से हमला कर सकता है। अमेरिका का दावा है कि इस पहाड़ी के नीचे ईरान का परमाणु ठिकाना मौजूद है। ईरान पर दोबारा सैन्य हमले का आदेश देने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने सवाल को 'बेवकूफाना' बताया। उन्होंने कहा, ''मान लीजिए कि मैंने ऐसा करने का फैसला किया, तो क्या मैं आपको पहले बता दूंगा? मैं यह नहीं बता सकता।

घड़ी के शीशे बनाने वाली झोउ छुनफेई अब चीन की सबसे अमीर महिला बनीं

बीजिंग, एजेंसी। चीन की एक महिला ने फैक्टरी में काम करने से लेकर देश की सबसे अमीर महिला बनने तक का सफर तय किया है। 56 साल की झोउ छुनफेई ने किशोरावस्था में ही स्कूल छोड़ दिया था। इसके बाद उन्होंने एक फैक्टरी में काम शुरू किया। आज वह ग्लास बनाने वाली कंपनी लेंस टेक्नोलॉजी की संस्थापक हैं। उनकी अनुमानित संपत्ति 1.27 लाख करोड़ युआन यानी करीब 1.80 लाख करोड़ रुपये है। 28 अक्तूबर को जारी हुरुन की 2026 की चीन की सबसे अमीर महिलाओं की सूची में झोउ ने फिर पहला स्थान हासिल किया है। पिछले एक साल में उनकी संपत्ति 15% बढ़ी है। एपल के आईफोन से बदली किस्मत झोउ को बड़ी कामयाबी 2007 में मिली, जब उसे एपल के शुरुआती आईफोन के लिए ग्लास कवर बनाने का ऑर्डर मिला। इसके बाद एपल का कारोबार लेंस की कमाई का बड़ा स्रोत बन गया। हुरुन एक वैश्विक शोध और प्रकाशन संस्थान है, जो 1999 से चीन की सबसे अमीर महिलाओं की सूची जारी कर रहा है। यह सूची चीन के सबसे अमीर लोगों की समग्र सूची से अलग है। इसमें परिवारों या दंपतियों की संयुक्त संपत्ति के बजाय महिलाओं की व्यक्तिगत संपत्ति का आकलन किया जाता है, जिसे परिवार की संपत्ति से अलग पहचाना जा सके।

समुद्र में 352किलोमीटर की गहराई पर केंद्र; सुनामी का अलर्ट नहीं

टोक्यो, एजेंसी। जापान के मी प्रांत के तट के पास रविवार सुबह 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंप का केंद्र भूकंप का केंद्र मी प्रांत की राजधानी त्सु से करीब 110 किलोमीटर दक्षिण में था। त्सु की आबादी 2.5 लाख से ज्यादा है। भूकंप समुद्र में जमीन से 352 किलोमीटर की गहराई में आया। भूकंप के बाद सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई। फिलहाल किसी के घायल होने या जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। यूरोपियन-मेडिटेरेनियन सीस्मोलॉजिकल सेंटर की वेबसाइट पर लोगों ने बताया कि झटके काफी देर तक महसूस हुए। शुरुआत में हल्के झटके लगे, जो धीरे-धीरे तेज होते गए। जापान दुनिया के सबसे ज्यादा भूकंप प्रभावित देशों में से एक है। यह चार बड़े टेक्टोनिक प्लेटों पर बसा है और प्रशांत महासागर के 'रिंग ऑफ फायर' का हिस्सा है। हर साल यहां करीब 1500 भूकंप आते हैं, जिनमें से ज्यादातर हल्के होते हैं। जापान के नोटो द्वीप में 2024 में आए भूकंप में करीब 600 लोग मारे गए थे। 2011 में 9.0 तीव्रता के भूकंप और सुनामी ने 18 हजार से ज्यादा लोगों की जान ले ली थी।

इजराइल में बहुमत के दूर नेतन्याहू, अरब पार्टियां बनेंगी किंगमेकर !

वाशिंगटन, एजेंसी। इजराइल के संसदीय चुनाव का नतीजा स्पष्ट नहीं रहा है. प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व वाला दक्षिणपंथी गुट (लिकुड के नेतृत्व में) सबसे बड़ा राजनीतिक समूह बनकर उभरा है, लेकिन सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत से पीछे रह गया है. अरब-नेतृत्व वाली पार्टियों के अच्छे प्रदर्शन ने राजनीतिक समीकरण को और उलझा दिया है. इससे देश की सत्ता किसके हाथ में होगी, यह तय करने में उनकी भूमिका निर्णायक हो सकती है.

28 अक्टूबर को आई ताजा रिपोर्टों से चुनाव के मुख्य विरोधाभास की तस्वीर और साफ हो गई है. लगभग 92 प्रतिशत वोटों की गिनती के बाद, द गार्डियन की रिपोर्ट के अनुसार, नेतन्याहू के गुट को 53 सीटें, यहूदी विपक्षी गुट को 48 सीटें और अरब-नेतृत्व वाली पार्टियों को 19 सीटें मिलने का अनुमान है. नेतन्याहू बहुमत के लिए जरूरी 61 सीटों के आंकड़े से 8 सीटें पीछे रह जाएंगे. वहीं, अगर अरब-नेतृत्व वाली पार्टियां विपक्ष का समर्थन करती हैं, तो विपक्ष 67 सीटों तक पहुंच सकता है. इस गणित की वजह से बातचीत में अरब-नेतृत्व वाली पार्टियां अहम हो गई हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि विपक्ष की सरकार बन ही जाएगी. चुनाव प्रचार के दौरान, यहूदी विपक्ष के कई नेताओं ने अरब पार्टियों के साथ गठबंधन करने का विरोध किया था, जबकि नेतन्याहू ने भी उनके समर्थन पर निर्भर रहने से इनकार कर दिया है.



जॉइंट लिस्ट जो इजराइल में अरब-बहुसंख्यक राजनीतिक दलों का एक गठबंधन है, 2015 के चुनाव से पहले हदाश, बलाद, राआम और ताल ने मिलकर बनाया था. इसके बावजूद, इस गठबंधन ने नेतन्याहू को सत्ता से हटाने में मदद करने की इच्छा जताई है. इससे आइसेनकोट पर यह तय करने का दबाव बढ़ गया है कि क्या उन्हें उन पार्टियों के साथ बातचीत करनी चाहिए, जिनकी राष्ट्रीय पहचान और फिलिस्तीनी मुद्दे पर उनसे बिल्कुल अलग राय है. इजराइल के लिए इन चुनावों के क्या मायने हैं - इन चुनावों ने नेतन्याहू के इस दावे को कमजोर कर दिया है कि उनकी सरकार अपने आप बनी रहेगी, भले ही लिकुड अभी भी सबसे बड़ी पार्टी बनी हुई है. उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे विपक्ष को अपनी संसदीय ताकत और अरब पार्टियों के समर्थन को एक साथ लाने से रोकें. यह फर्क समझना जरूरी है. नेतन्याहू अपने राजनीतिक करियर में कई संकटों से उबर चुके हैं. इससे पहले भी उनके विरोधी, जनता की नाराजगी को एक मजबूत गठबंधन सरकार में बदलने में नाकाम रहे हैं. छोटी पार्टियों के साथ बातचीत करने, धार्मिक गुटों का समर्थन बनाए रखने और अपने विरोधियों के बीच मौजूद मतभेदों का फायदा उठाने की उनकी क्षमता अभी भी अहम है. साथ ही, इन नतीजों ने उनकी राजनीतिक रणनीति की सीमाएं भी उजागर कर दी हैं. जो सरकार बहुत मामूली संसदीय बहुमत पर टिकी हो, उसे सैन्य सेवा से छूट, बस्तियों से जुड़ी नीति, बजट और गाज़ा के भविष्य जैसे मुद्दों पर फिर से अस्थिरता का सामना करना पड़ सकता है. जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में सेंटर ऑफ वेस्ट एशियन स्टडीज के एसोसिएट प्रोफेसर मुदस्सिर कमर के अनुसार, अभी स्थिति यह है कि किसी भी पार्टी या गठबंधन को बहुमत नहीं मिला है, लेकिन नेतन्याहू के नेतृत्व वाले गठबंधन को सबसे ज्यादा सीटें मिली हैं. कमर ने ईटीवी भारत से कहा, 'लेकिन यह अभी भी बहुमत के आंकड़े से कम है, जिसका मतलब है कि सरकार बनाने के लिए उन्हें किसी दूसरी पार्टी या छोटे समूह के समर्थन की जरूरत होगी.' उन्होंने आगे कहा, 'सबसे बड़े गठबंधन के नेता के तौर पर, इजरायल के राष्ट्रपति सरकार बनाने के लिए सबसे बड़े गठबंधन के नेता को आमंत्रित करेंगे, जो कि नेतन्याहू का गठबंधन है. इसलिए, प्रधानमंत्री नेतन्याहू के नेतृत्व में सरकार बनेगी. उन्होंने बताया कि इसके बाद नेतन्याहू को अपना बहुमत साबित करना होगा. कमर ने कहा, 'अगर वह बहुमत साबित करने में विफल रहते हैं, तो फिर दूसरे गठबंधन या पार्टी के नेता को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया जाएगा. उन्हें भी अपना बहुमत साबित करना होगा. इस बीच, जब तक नई सरकार नहीं बन जाती, तब तक नेतन्याहू कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने रहेंगे. कमर ने बताया कि देश में हंग पार्लियामेंट (त्रिशंकु संसद) जैसी स्थिति है. उन्होंने समझाया, 'जब तक कोई एक पार्टी या गठबंधन बहुमत साबित नहीं कर देता, तब तक एक कार्यवाहक सरकार बनी रहेगी. चुनावों में अरब समुदाय की ऐतिहासिक भागीदारी के कारण, अरब पार्टियां एक बेहतर स्थिति में आ गई हैं, हालांकि मैं उन्हें किंगमेकर तो नहीं कहूंगा. कमर ने आगे कहा कि इजराइल की कोई भी पार्टी अरब समुदाय के पूर्ण समर्थन और भागीदारी के साथ सरकार नहीं बनाना चाहेगी, क्योंकि ऐसा करना मुश्किल होगा. उन्होंने कहा, 'इसके लिए कुछ ऐसे समझौते करने पड़ सकते हैं, जिनके लिए शायद वे तैयार न हों. इसलिए, अब देखना होगा कि आगे क्या होता है।

रूसी ड्रोन से बचने गैस पाइपलाइनों में छिपे यूक्रेनी सैनिक

कीव, एजेंसी। रूस-यूक्रेन जंग अब अपने पांचवे साल में हैं। ऐसे में रूस के लगातार ड्रोन हमलों ने यूक्रेन के सैनिकों के लिए जमीन पर खुलेआम चलना मुश्किल कर दिया है। वे पुरानी गैस पाइपलाइनों के अंदर छिपकर रह रहे हैं। करीब 4 फीट चौड़ी इन सुरंगों में सैनिकों को कई हफ्तों से लेकर दो महीने तक गुजारने पड़ते हैं। कभी रूस से यूरोप तक गैस पहुंचाने वाली ये पाइपलाइन अब यूक्रेनी सैनिकों को खाना, हथियार और दूसरी जरूरी चीजें पहुंचाने का रास्ता बन गई हैं।

रूस ने पहले किया था पुरानी पाइपलाइनों का इस्तेमाल : यूक्रेन के कुपियांस्क इलाके में पुरानी गैस पाइपलाइनों का करीब 129 किलोमीटर लंबा नेटवर्क है। पिछले साल के आखिर में रूसी सैनिक इन्हीं पाइपलाइनों के जरिए कुपियांस्क में घुसने में कामयाब हुए थे। इसके बाद यूक्रेनी सेना ने भी जमीन के नीचे से जवाबी कार्रवाई की योजना बनाई। इसके बाद यूक्रेन की नेशनल गार्ड की खुफिया इकाई ने इन पाइपलाइनों के नक्शे जुटाए। साथ ही, इन्हें बनाने वाले पुराने गैस विशेषज्ञों की मदद से भूमिगत रास्तों का इस्तेमाल करने की योजना तैयार की। इसके बाद पाइपलाइनों में हवा पहुंचाने के लिए वेंटिलेशन सिस्टम लगाया गया। यह इस पूरे काम का सबसे मुश्किल हिस्सा था।

दिन में पहुंचता है खाना और गोला-बारूद : इन पाइपलाइनों के जरिए सैनिकों तक खाना और गोला-बारूद पहुंचाया जाता है। इसके लिए छोटी इलेक्ट्रिक गाड़ियों का इस्तेमाल होता है। दिन में इन गाड़ियों से जरूरी सामान अंदर भेजा जाता है, जबकि रात में खुदाई से निकली मिट्टी की बोरियां बाहर लाई जाती हैं। सैनिक सिर्फ रात में ही कुछ समय के लिए बाहर निकल पाते हैं।

सैनिक संकरे रास्तों के कारण घुटनों पर रेंगते हैं : इन पाइपलाइनों के अंदर सैनिकों को काफी मुश्किल हालात में रहना पड़ता है। रास्ते इतने संकरे हैं कि उन्हें झुककर या घुटनों के बल रेंगते हुए आगे बढ़ना पड़ता है। वहां न सूरज की रोशनी पहुंचती है और न ही ताजी हवा मिलती है। शौचालय के लिए सैनिक प्लास्टिक के बैग और बोतलों का इस्तेमाल करते हैं। पाइपलाइनों में गैस के बचे हुए अंश, धूल और हवा की कमी भी उनके लिए खतरा पैदा करती है।

थर्मल इमेजिंग की वजह से पकड़े जाना आसान : ड्रोन और थर्मल इमेजिंग तकनीक ने खुले मैदान में सैनिकों की आवाजाही को बेहद खतरनाक बना दिया है। थर्मल इमेजिंग की मदद से ड्रोन जमीन पर मौजूद लोगों के शरीर की गर्मी पहचान सकते हैं।

ऐसे में सैनिकों के लिए छिपकर आगे बढ़ना भी आसान नहीं रह गया है। इसी वजह से यूक्रेन अपनी सेना के ठिकानों, निगरानी चौकियों और सामान रखने वाले केंद्रों को आपस में जोड़ने के लिए भूमिगत सुरंगों का नेटवर्क बनाने की संभावनाएं तलाश रहा है।

अटलांटा में जी20 विदेश मंत्रियों की वार्ता बेनतीजा खत्म, यूक्रेन युद्ध पर मतभेद से संयुक्त बयान अटका

अटलांटा, एजेंसी। दुनिया की 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह जी20 के शीर्ष राजनयिक दो दिन की वार्ता के बाद शनिवार को कई अहम वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर आम सहमति बनाने में नाकाम रहे। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर मतभेदों का असर अटलांटा में हुई बैठक की शुरुआत से ही दिखाई दिया। इस कारण समूह ने संयुक्त बयान जारी नहीं किया।

इसके बजाय अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बैठक के बाद अध्यक्ष का बयान जारी किया, जिसमें चर्चा का सार और ऊर्जा एवं खाद्य सुरक्षा तथा समुद्री मार्गों से आवागमन की स्वतंत्रता जैसी प्राथमिकताओं का उल्लेख किया गया। इसमें किसी सहमति या समझौते की जानकारी नहीं दी गई। रुबियो ने कहा कि इन समस्याओं के सर्वमान्य समाधान के करीब पहुंचने का दावा नहीं किया जा सकता।

हालांकि, उन्होंने कहा कि जी20 के कुछ देश आपूर्ति श्रृंखला और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में मिलकर काम कर रहे हैं। रुबियो ने शुक्रवार को एकता की अपील के साथ वार्ता शुरू की थी, लेकिन रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की मौजूदगी पर यूरोपीय राजनयिकों की आपत्ति के बाद विदेश मंत्रियों की पारंपरिक 'समूह तस्वीर' (ग्रुप फोटो) रद्द कर दी गई। यूरोपीय प्रतिनिधियों ने तस्वीर का बहिष्कार करने की चेतावनी दी थी।

पोलैंड के विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की ने कहा कि युद्धों में शामिल देशों के एक साथ मेज पर होने के कारण साझा रुख पर सहमति बनाना मुश्किल है। राजनयिकों के अनुसार, रूस-यूक्रेन युद्ध, ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल का युद्ध, अमेरिकी शुल्क और दक्षिण चीन सागर में चीन की गतिविधियों को लेकर मतभेद बने हुए हैं। बैठक के दौरान ईरान में अमेरिका के नए सैन्य हस्तक्षेप की आशंका भी चर्चा में रही। इससे सऊदी अरब सहित पूरे क्षेत्र में चिंता बढ़ी है। रुबियो ने शुक्रवार को सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान और तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान से मुलाकात की थी।

'नेपाल: ट्रेकिंग के दौरान छह भारतीय पर्यटक लापता, भारी बर्फबारी के बीच सेना ने शुरू किया रेस्क्यू ऑपरेशन

काठमांडू, एजेंसी। नेपाल के हिमालयी क्षेत्र में भारी बर्फबारी के बाद छह भारतीय पर्यटक लापता हो गए हैं। इनमें दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। सभी पर्यटक नेपाल की सबसे गहरी झीलों में से एक शे-फोक्सुंडो की ट्रेकिंग पर निकले थे। अधिकारियों ने समाचार एजेंसी एएनआई को इसकी पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पर्यटक डोल्पो बुद्ध ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड नंबर चार और आठ से झील की ओर जा रहे थे। उन्हें आखिरी बार शे-फोक्सुंडो ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड चार और आठ के बीच स्थित नुमला पास और बागला पास के इलाकों में देखा गया था।

अभी क्यों हुई बर्फबारी : स्थानीय गाइडों को आशंका है कि बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे चक्रवात अर्नब के प्रभाव से हुई भारी बर्फबारी के कारण पर्यटक पहाड़ों में फंस गए हैं। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने उन्हें खराब मौसम और पहाड़ी दर्रों में खतरनाक परिस्थितियों को देखते हुए आगे नहीं बढ़ने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद पर्यटकों ने अपनी यात्रा जारी रखी। माना जा रहा है कि ऊंचाई वाले इलाके से लौटते समय वे बर्फ में फंस गए। डोल्पा की मुख्य जिला अधिकारी जुनू हमाल ने बताया कि पर्यटक फोक्सुंडो झील की ओर लौटते समय रास्ते में फंस गए। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने से पहले स्थानीय लोगों ने उन्हें मौसम और पहाड़ी रास्तों की कठिन परिस्थितियों के बारे में आगाह किया था।



पर्यटकों से संपर्क करना मुश्किल क्यों : शे-फोक्सुंडो ग्रामीण नगरपालिका के अध्यक्ष धावा समदुक गुरंग ने बताया कि पहाड़ी दर्रों में मोबाइल नेटवर्क नहीं रहता। इससे लापता पर्यटकों से संपर्क करना मुश्किल हो रहा है। उनके मुताबिक वार्ड चार और आठ के बीच मोबाइल फोन सेवा नहीं है। ऐसे में पर्यटकों की मौजूदा स्थिति और उनके ठिकाने के बारे में जानकारी जुटाना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। लापता पर्यटकों की तलाश के लिए प्रशासन ने रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया है। हालांकि, भारी बर्फबारी और खराब मौसम के कारण ऊंचाई वाले इलाकों में बचाव अभियान प्रभावित हो रहा है। डोल्पा पुलिस उपाधीक्षक अनिल राज गिरि ने बताया कि ताजा जानकारी के मुताबिक, सभी छह भारतीय पर्यटकों से संपर्क नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने संबंधित एजेंसी से बचाव अभियान में मदद के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। लापता पर्यटकों का पता लगाने और उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए नेपाली सेना की एक टीम भी तैनात की गई है। मोबाइल नेटवर्क की अनुपलब्धता, भारी बर्फ और दुर्गम पहाड़ी रास्तों के कारण बचाव दलों को पर्यटकों की सटीक लोकेशन पता लगाने में मुश्किल हो रही है। जिला प्रशासन कार्यालय के अनुसार, अपर डोल्पा पहुंचने वाले पर्यटकों की संख्या 244 है। इनमें 149 नेपाली नागरिक, सार्क देशों के 44 पर्यटक और अन्य देशों के 51 पर्यटक शामिल हैं।

'इस्राइल जनादेश: पीएम चुनने का विधेयक ला सकता है विपक्षी दल, बदू महिलाओं ने कैसे पलटा नेतन्याहू का चुनावी पासा?

यरूशलम, एजेंसी। उम्म खालिद फतून पिछले साल युद्ध पीड़ितों के लिए बने एक यहूदी-अरब सहायता केंद्र में स्वयंसेवा करके लौटीं तो उन्होंने देखा कि बुलडोजर अजारनुग गांव में उनके बेटे के घर को ढहा रहे थे। पुलिस की निगरानी में आई टीम ने घर पर बुलडोजर चलाने से पहले फर्नीचर या सोलर पैनल तक हटाने का मौका नहीं दिया। अब, इस हफ्ते जब फतून को मौका मिला तो उन्होंने अपनी नाराजगी का जवाब इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सत्तारूढ़ गठबंधन के खिलाफ मतदान करके दिया। उनका सीधा निशाना राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री बेन-ग्विर थे जिन्होंने फलस्तीनी और अरब समुदाय के लोगों के घरों को व्यापक स्तर पर ढहाने का आदेश दिया था। फतून कहती हैं, बेन-



ग्विर को सत्ता से बाहर करना ही मेरा एकमात्र मकसद था। बदू समुदाय में ऐसा एक भी परिवार नहीं है जो हमारे खिलाफ उसके अभियानों से पीड़ित न हुआ हो। चुनाव से कुछ हफ्ते पहले फतून ने बदू महिलाओं को उनके अधिकारों और राजनीतिक ताकत के प्रति जागरूक करने के लिए जमीनी स्तर पर बाकायादा अभियान शुरू किया। इसके शानदार नतीजे भी दिखे, और चुनाव में दक्षिणी नेगेव इलाके के कुछ बदू गांवों में मतदान प्रतिशत तीन गुना तक बढ़ गया।

हमें अपने हर वोट की ताकत झोंकनी होगी : अल-नश्मियात अभियान का नेतृत्व करने वाली वकील हनान अलसनाह ने कहा, वर्षों के हिंसक शासन ने इस रूढ़िवादी समुदाय में बदलाव का दरवाजा खोल दिया है। हमने महिलाओं से कहा कि भले सभी पुरुष वोट दें फिर भी समुदाय का आधा हिस्सा ही होंगे। आपको अपने हर वोट की ताकत चाहिए, क्योंकि बेन-ग्विर के पास बहुत ताकत है।

62% से 93% तक दर्ज की गई वोटिंग : बदू समुदाय इस्राइली संसद नेसेट में अरब पार्टियों को 19 सीटें दिलाकर किंगमेकर की भूमिका में ला दिया। बदू समुदाय में सबसे कम मतदान 62% रहा, जबकि सबसे ज्यादा मतदान 93% दर्ज किया गया। उनके उत्साह से ही रआम पार्टी को चुनावी अनुमानों से काफी अधिक सफलता मिली। इस्राइल में सरकार गठन में राजनीतिक गतिरोध को तोड़ने के लिए विपक्षी गुट अरब पार्टियों के समर्थन पर निर्भर रहे बिना अल्पमत सरकार बनाने के लिए सीधे प्रधानमंत्री चुनने से संबंधित विधेयक लाने पर विचार कर रहा है। यह प्रस्ताव लागू होने पर मतदाता सरकार से अलग सीधे पीएम पद के लिए वोट डाल सकेंगे।

ट्रम्प की नेतन्याहू से फोन पर बात:बाद में बोले- ईरान के 1-2 ठिकाने और उड़ाना बाकी



वॉशिंगटन डीसी/तेल अवीव, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से शनिवार को फोन पर बातचीत की। यह जानकारी वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दी। इसके बाद रविवार को ट्रम्प ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े एक या दो ठिकाने अभी उड़ाना बाकी हैं। इनमें पिकैक्स माउंटेन भी शामिल है। वहीं, अमेरिकी न्यूज चैनल एमएस नाउ ने बताया कि वॉशिंगटन ने खाड़ी देशों को ईरान पर नए हमलों के लिए तैयार रहने को कहा है। ये हमले 4 नवंबर से शुरू हो सकते हैं। यह तारीख अमेरिका में मिडटर्म चुनाव के अगले दिन की है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने हाल के हफ्तों में पश्चिम एशिया में हवाई सुरक्षा सिस्टम, गोला-बारूद और सैन्य उपकरणों की तैनाती बढ़ाई है। साथ ही, उसने अपने सैनिकों और सैन्य सामान को उन ठिकानों से दूसरी जगह भेजना शुरू कर दिया है, जहां ईरान हमला कर सकता है। अमेरिकी रक्षा अधिकारियों का मानना है कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड और इजराइल ने हमले की तैयारी कर ली है। इजराइली न्यूज चैनल च्रह के मुताबिक, पिछले हफ्ते अमेरिका के 10 सैन्य मालवाहक विमान इजराइल पहुंचे थे। इनमें हवाई हमलों से बचाव के लिए जरूरी उपकरण होने की बात कही जा रही है। इनका इस्तेमाल क्षेत्र में अमेरिकी और उसके सहयोगी देशों के सैन्य ठिकानों की सुरक्षा के लिए किया जाएगा। इससे पहले, दो हफ्ते पहले इजराइल के कई लड़ाकू विमानों ने ईरान की सीमा तक उड़ान भरी थी और फिर वापस लौट आए थे। एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, यह एक सैन्य अभ्यास का हिस्सा था। ट्रम्प इन दिनों 3 नवंबर को होने वाले अमेरिकी मिडटर्म चुनाव के आखिरी प्रचार अभियान में जुटे हैं। इन चुनावों में अमेरिकी संसद के लिए प्रतिनिधि चुने जाएंगे। ईरान के साथ युद्ध और अमेरिका में ईंधन की बढ़ती कीमतें रिपब्लिकन पार्टी के लिए चिंता का विषय बनी हुई हैं। ट्रम्प चुनाव के आखिरी दिनों में अपनी पार्टी के समर्थन को बढ़ाना चाहते हैं। इसी वजह से अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की तारीख आगे बढ़ाई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान भी अमेरिकी चुनाव से पहले बातचीत को जानबूझकर लंबा खींच रहा है।

'एस.जयशंकर: 'क्वाड देशों में चुनने की आजादी जरूरी', सप्लाई चेन और आर्थिक सुरक्षा पर और क्या बोले विदेश मंत्री?

अटलांटा , एजेंसी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को क्वाड के लिए 'चुनने की स्वतंत्रता', मजबूत सप्लाई चेन और गैर-बाजार प्रथाओं के खिलाफ कार्रवाई को मुख्य प्राथमिकता बताया। इसके साथ ही, उन्होंने इस समूह के एजेंडे के लिए एक अधिक समकालीन और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की वकालत की। अटलांटा में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद, एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में जयशंकर ने उन प्रमुख मुद्दों का जिक्र किया, जिन पर उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जापानी विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी और ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ चर्चा की थी।

जयशंकर ने क्या कहा : समूह की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, 'हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखना, समृद्धि को बढ़ावा देना और पसंद की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना हमारी निरंतर प्रतिबद्धताएं हैं।' उन्होंने टेक्नोलॉजी, महत्वपूर्ण खनिजों और ऊर्जा क्षेत्रों में मजबूत सप्लाई चेन बनाने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बेहतर सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।

गैर-बाजार प्रथाओं का भी किया जिक्र : जयशंकर ने चर्चा के दौरान उठाई गई प्राथमिकताओं में इंडो-पैसिफिक में गैर-बाजार



प्रथाओं का मुकाबला करने और बढ़ते आर्थिक दबावों को भी शामिल किया। हालांकि, उनकी पोस्ट में किसी देश का नाम नहीं लिया गया और न ही यह बताया गया कि किन विशिष्ट प्रथाओं की बात हो रही है। क्षेत्रीय सुरक्षा के संदर्भ में, उन्होंने आतंकवाद-रोधी, समुद्री सुरक्षा और क्षमता निर्माण से जुड़े मौजूदा समझौतों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया, ताकि मजबूती बढ़ाई जा सके और शांति व स्थिरता को समर्थन मिले।

एआई को लेकर क्या चर्चा हुई : मंत्रियों ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भरोसेमंद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तक पहुंच बेहतर बनाने के लिए 85 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की तकनीकी और वित्तीय सहायता देने की इच्छा जताई। इसमें 'क्वाड एआई एक्सेलेरेटर' के माध्यम से दी जाने वाली मदद भी शामिल है। विज्ञप्ति में सुपर इंटेलिजेंस का भी जिक्र किया गया है, जिसके साथ एक फुटनोट में स्पष्ट किया गया है कि यह शब्द भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित है। मंत्रियों ने भारत और आसियान देशों में कचरे से महत्वपूर्ण खनिज निकालने की सुविधाओं के लिए वाशिंगटन द्वारा 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर देने के वादे का स्वागत किया। यह राशि केवल भारत के लिए नहीं है। ये चारों साझेदार देश, इलेक्ट्रॉनिक कचरे और कबाड़ से खनिज निकालने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि किसी एक आपूर्तिकर्ता पर निर्भरता कम की जा सके। वे रीसाइकल होने वाली सामग्रियों को एक देश से दूसरे देश भेजने की प्रक्रिया को और सरल बनाने के तरीकों पर भी विचार करेंगे। समुद्री सहयोग के तहत, चारों देशों के प्रतिनिधियों ने 25 सितंबर से 7 अक्तूबर के बीच चेन्नई से पर्थ तक भारतीय तटरक्षक बल के एक गश्ती जहाज पर यात्रा की। क्वाड में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। इनका सहयोग समुद्री और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि, महत्वपूर्ण व उभरती प्रौद्योगिकियों, तथा मानवीय सहायता और आपातकालीन प्रतिक्रिया जैसे क्षेत्रों में फैला हुआ है। इसके साथ ही विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत ने जी20 को बताया कि ऊर्जा आपूर्ति का राजनीतिकरण बहुत हानिकारक है।

विराट कोहली की तीन साल बाद दिल्ली में वापसी टली!



आउटफील्ड के कारण छिन सकती है भारत-श्रीलंका के बीच पहले वनडे की मेजबानी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार विराट कोहली को अपने घरेलू मैदान दिल्ली में खेलते हुए देखने का इंतजार कर रहे फैंस को निराशा हाथ लग सकती है। भारत और श्रीलंका के बीच 13 दिसंबर को होने वाले वनडे सीरीज के पहले मुकाबले की मेजबानी दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम से छिन सकती है। हालांकि, बीसीसीआई की ओर से वेन्यू बदलने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। विराट कोहली की दिल्ली वापसी का इंतजार कर रहे थे फैंस - विराट कोहली के लिए दिल्ली का अरुण जेटली स्टेडियम बेहद खास है। इसी मैदान और दिल्ली के घरेलू क्रिकेट से उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की थी। साल 2019 में दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ ने उनके योगदान को सम्मान देते हुए स्टेडियम के एक प्रमुख स्टैंड का नाम 'विराट कोहली पवेलियन' रखा था। ऐसे में श्रीलंका के खिलाफ दिल्ली में होने वाला वनडे मुकाबला स्थानीय फैंस के लिए कोहली को अपने घरेलू मैदान पर देखने का शानदार अवसर हो सकता था।

निर्माण कार्य के कारण बदला जा सकता है वेन्यू

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में इस समय आउटफील्ड को आधुनिक बनाने का काम चल रहा है। डीडीसीए ने मैदान में सैंड बेस्ड ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने का फैसला किया है। इस तकनीक से बारिश के बाद मैदान से पानी तेजी से निकल सकेगा और मैच दोबारा शुरू करने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, इस पूरे काम को पूरा होने में करीब चार महीने लगेंगे और स्टेडियम आईपीएल 2027 से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की मेजबानी के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएगा।

11 अक्टूबर 2023 खेला गया था अरुण जेटली स्टेडियम में आखिरी वनडे

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आखिरी वनडे इंटरनेशनल मुकाबला 11 अक्टूबर 2023 को खेला गया था। यह आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 का मुकाबला था, जिसमें भारत ने अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराया था। फिलहाल स्टेडियम में निर्माण कार्य के चलते दिल्ली की घरेलू टीम को भी अपने रणजी ट्रॉफी मुकाबले पालम स्थित एयरफोर्स कॉम्प्लेक्स ग्राउंड में खेलने पड़ रहे हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज की तैयारी में जुटे विराट

दूसरी ओर विराट कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए तैयारी कर रहे हैं। टी20 सीरीज खत्म होने के बाद वह न्यूजीलैंड पहुंच चुके हैं और नेट्स में अभ्यास शुरू कर दिया है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला वनडे 4 नवंबर को खेला जाएगा। टी20 इंटरनेशनल से संन्यास लेने के बाद कोहली का फोकस अब मुख्य रूप से वनडे और टेस्ट क्रिकेट पर है। वेन्यू बदलने की खबरों के बीच अहमदाबाद में पहला वनडे आयोजित किए जाने की अटकलें भी सामने आई थीं। हालांकि, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने दिल्ली से मुकाबला शिफ्ट होने की खबरों पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि फिलहाल मैच का आयोजन दिल्ली में ही निर्धारित है। ऐसे में मुकाबले के वेन्यू को लेकर अंतिम तस्वीर आधिकारिक फैसले के बाद ही साफ होगी।

भारत बनाम न्यूजीलैंड... गंभीर बोले-टी-20 टीम के प्रदर्शन पर गर्व

नई दील्ली। भारत ने न्यूजीलैंड को 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 3-2 से हराया। सीरीज जीतने के बाद भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा, मेरी डिक्शनरी और डायरेक्टरी में डर नाम का कोई शब्द नहीं है। गंभीर ने पहले मैच का उदाहरण देते हुए खिलाड़ियों की तारीफ की। उन्होंने बताया कि टीम ने 15 घंटे की लंबी फ्लाइट के बाद सिर्फ एक अभ्यास सत्र किया था, इसके बावजूद मुकाबला जीत लिया। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि गेंदबाजी और फील्डिंग बेहतर हो सकती थी। वहीं न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स को सीरीज का बेस्ट खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पांच मैचों में 341 रन बनाए।

ध्यान अब वनडे सीरीज पर: अय्यर - अय्यर के मुताबिक, न्यूजीलैंड में खेलने के दौरान खिलाड़ियों को अलग तरह की परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने आसमान में साफ रोशनी और मैदान पर अंधेरे जैसी स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी परिस्थितियां भारत में आमतौर पर देखने को नहीं मिलतीं। कप्तान ने यह भी कहा कि टीम इन कमियों पर चर्चा करेगी। हालांकि, उनका ध्यान अब वनडे सीरीज पर है और खिलाड़ी अच्छे मूड में हैं।

ऋषभ पंत की चोट पर गंभीर के पास अपडेट नहीं - प्रेस कॉन्फ्रेंस में गंभीर से ऋषभ पंत की उपलब्धता को लेकर भी सवाल पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि फिलहाल उनके पास पंत की चोट को लेकर कोई पक्की जानकारी नहीं है।



थकान के बावजूद जीत हासिल की- गंभीर ने कहा, विदेशी परिस्थितियों में खेलते समय टीम को मुश्किल हालात से घबराना नहीं चाहिए। न्यूजीलैंड पहुंचने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को लंबी यात्रा और कम अभ्यास का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद पहले मैच में जीत हासिल करना आसान नहीं था। गंभीर ने इसी प्रदर्शन को टीम की मानसिक मजबूती का उदाहरण बताया। सीरीज के शुरुआती तीन मुकाबलों में भारत ने लगातार जीत दर्ज की। इसके बाद न्यूजीलैंड ने वापसी करते हुए आखिरी दोनों मैच अपने नाम किए।

सीरीज का नतीजा उलटा भी हो सकता था- सैंटनर: न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने माना कि सीरीज काफी करीबी रही। उनके मुताबिक, शुरुआती दो मुकाबलों में कुछ ऐसे मौके आए, जिन्हें न्यूजीलैंड भुना सकता था। अगर टीम उन मौकों पर बेहतर प्रदर्शन करती, तो सीरीज का नतीजा भारत के बजाय न्यूजीलैंड के पक्ष में भी हो सकता था। सैंटनर ने गेंदबाजी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आखिरी दो मैचों में गेंदबाजों ने परिस्थितियों के हिसाब से अपनी रणनीति बदली। तेज गेंदबाजों ने यॉर्कर, वाइड गेंदों और सही लेंथ का इस्तेमाल किया।

मेसी का शानदार खेल, न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन को हराया



फॉक्सबोरो, एजेंसी। लियोनेल मेसी ने एक बेहतरीन असिस्ट और मैच के आखिर में किए गए गोल की मदद से इंटर मियामी को न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही टीम ने अगले साल होने वाले कॉन्काकैफ चैंपियंस कप में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस जीत से मियामी एमएलएस कप प्लेऑफ से पहले ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में नंबर 2 सीड की स्थिति में पहुंच गई है। इस सीजन में मेसी के नाम अब 26 गोल और 16 असिस्ट हो गए हैं। इसके साथ ही वह लगातार तीसरी बार एमएलएस एमवीपी अवार्ड और लगातार दूसरी बार 'गोल्डन बूट' जीतने की रेस में सबसे आगे हो गए हैं।

पहले 45 मिनट तक दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला रहा और हाफ टाइम तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। इस दौरान इंटर मियामी को 28वें मिनट में एक अच्छा मौका मिला, जब मेक्सिकन खिलाड़ी बर्टेरामे ने बॉक्स के बाईं ओर से बाएं पैर से शॉट मारा, जिसे न्यू इंग्लैंड के गोलकीपर मैट टर्नर ने बचा लिया। दूसरे हाफ में, 53वें मिनट में डेनियल गाजदाग के गोल की बदौलत मेजबान टीम (न्यू इंग्लैंड) ने खाता खोला।

83वें मिनट में मियामी ने पासा पूरी तरह से पलटा

69वें मिनट में इंटर मियामी ने शानदार टीम वर्क दिखाते हुए स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। सेगोविया ने बॉक्स के अंदर एक 'लॉब' पास दिया, जिस पर मेसी ने हेडर से गेंद को बर्टेरामे की तरफ बढ़ाया। बर्टेरामे ने बॉक्स के बीच से एक जोरदार हेडर लगाकर गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। यह इस रेगुलर सीजन में बर्टेरामे का 10वां गोल था, जबकि मेसी का यह इस लीग सीजन का 16वां असिस्ट रहा। 83वें मिनट में इंटर मियामी ने मैच का पासा पूरी तरह से पलटा। एक बेहतरीन पासिंग सीक्वेंस के बाद मेसी ने निर्णायक गोल किया। सुआरेज ने बॉक्स के बाहर बीच में मेसी को गेंद दी, जहां अर्जेंटीना के इस स्टार खिलाड़ी ने तीन डिफेंडरों को छकाया। इसके बाद सेगोविया के साथ मिलकर वह बॉक्स के अंदर पहुंचे और एक सटीक शॉट के जरिए गेंद को गोल पोस्ट के निचले दाएं कोने में पहुंचा दिया। इस गोल के साथ मेसी के कुल गोल की संख्या 26 हो गई है, जिससे वह एमएलएस 2026 गोल्डन बूट की रेस में सबसे आगे निकल गए हैं। वहीं, इस रेगुलर सीजन में सेगोविया के असिस्ट की संख्या 12 हो गई है। इसके बाद 1-2 की स्कोरलाइन अंतिम सीटी बजने तक कायम रहा, जिससे इंटर मियामी ने अपने घर से बाहर खेलते हुए तीन अंक हासिल किए।



एंटोनेली बने सबसे कम उम्र के एफ-1 चैंपियन

नई दिल्ली। किमी एंटोनेली नेइतिहास रचते हुए फॉर्मूला वन के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। 20 वर्षीय मर्सिडीज ड्राइवर ने मैक्सिको सिटी ग्रांड प्रिक्स में मैक्स वर्स्टापेन और लुईस हैमिल्टन के बाद तीसरे स्थान पर रहकर यह उपलब्धि प्राप्त की।

किमी, जो फॉर्मूला वन रेसिंग में अपने दूसरे ही सीजन में हैं, ने सेबेस्टियन वेटेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो 2010 में अपनी चार ड्राइवर चैंपियनशिप में से पहली चैंपियनशिप जीतने के समय 23 साल और 133 दिन के थे। अपनी उपलब्धि की वास्तविकता को समझते हुए किमी अपने आँसू रोकने के लिए संघर्ष कर रहे थे।

टीम रेडियो पर, नव-ताजपोश विश्व चैंपियन पहले तो कुछ बोल नहीं पा रहे थे, लेकिन फिर उन्होंने मर्सिडीज को अपने सपने को साकार करने में मदद करने के लिए धन्यवाद दिया। 'हमने कर दिखाया! हमने कर दिखाया!' उसे हंसते-हंसते आंसुओं के साथ कहते हुए सुना गया। इसके बाद जो जश्न मनाया गया, वह इस अवसर के अनुरूप ही था।

पोडियम पर एंटोनेली अपनी भावनाओं को काबू में रखने की कोशिश कर रहे थे, तभी वर्स्टापेन और हैमिल्टन ने भी उनका साथ दिया और नव-प्रतिभाशाली चैंपियन को हवा में उठा लिया। यह एक यादगार दृश्य था: खेल के दो महानतम ड्राइवर फॉर्मूला वन चैंपियन की नई पीढ़ी के आगमन का जश्न मना रहे थे। मैं भविष्य में और अधिक मुकाबलों के लिए उत्सुक हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'यह तो बस शुरुआत है।' एंटोनेली के लिए, यह सात साल के कार्टिंग के शौकीन से लेकर मोटरस्पोर्ट के शिखर तक की एक उल्लेखनीय यात्रा की परिणति थी।

मर्सिडीज टीम के प्रमुख टोटो वोल्फ के लिए भी, 2025 सीज़न से पहले हैमिल्टन की जगह 18 वर्षीय खिलाड़ी को मौका देने के उनके महत्वपूर्ण जोखिम भरे फैसले की पुष्टि का क्षण था।

उनके बेहतरीन प्रदर्शनों में से एक मोंज़ा में देखने को मिला, जहाँ उन्होंने ग्रिड पर 19वें स्थान से शुरुआत करने के बावजूद अपने घरेलू ग्रैंड प्रिक्स में जीत हासिल की।

सिंधू ने जीता हाइलो ओपन का खिताब



जर्मनी: भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने एक बार फिर अपने शानदार खेल से देश का नाम रोशन किया है। सिंधु ने जर्मनी में खेले गए हाइलो ओपन 2026 के महिला एकल फाइनल में डेनमार्क की लाइन केजर्सफेल्ट को सीधे गेमों में 21-12, 21-14 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ सिंधु ने मौजूदा सीजन का अपना दूसरा बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीत लिया है।

पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहीं सिंधु - सिंधु का हाइलो ओपन में प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। उन्होंने फाइनल तक के सफर में एक भी गेम नहीं गंवाया। अपने अभियान की शुरुआत उन्होंने भारतीय खिलाड़ी प्रकृति भरत को हराकर की। इसके बाद फ्रांस की रोजी ओक्टाविया पंकासारी और जर्मनी की अमाली शुल्ज को मात देकर क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में उन्होंने भारत की ही अनमोल खरब को 21-13, 21-16 से हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया।

फाइनल जीतकर बनीं चैंपियन

पीवी सिंधु ने फाइनल मुकाबले में शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने पहला गेम महज 17 मिनट में 21-12 से जीतकर डेनमार्क की खिलाड़ी पर दबाव बना दिया। इसके बाद दूसरे गेम में भी सिंधु ने अपनी लय बरकरार रखी और 21-14 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारतीय शटलर ने यह फाइनल केवल 39 मिनट में जीतकर शानदार अंदाज में खिताब पर कब्जा किया।

जापान ओपन के बाद अब हाइलो ओपन पर कब्जा

पीवी सिंधु के लिए यह साल खिताब के लिहाज से शानदार रहा है। उन्होंने जुलाई में जापान ओपन 2026 के फाइनल में जापान की तीन बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची को हराकर खिताब जीता था। अब हाइलो ओपन जीतकर उन्होंने इस सीजन का दूसरा बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब अपने नाम कर लिया है।

विश्व टूर फाइनल्स की राह हुई मजबूत

हाइलो ओपन का खिताब जीतने के साथ ही सिंधू को 9200 रैंकिंग अंक मिले हैं। इससे साल के आखिर में होने वाले विश्व टूर फाइनल्स में जगह बनाने की उनकी उम्मीदों को मजबूती मिली है। दुनिया की आठवें नंबर की भारतीय खिलाड़ी के लिए यह जीत सीजन के लिहाज से काफी अहम मानी जा रही है। सिंधू के इस प्रदर्शन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह बड़े मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करने का दम रखती हैं।

चेक ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट... सेंथिलकुमार ने फाइनल में बनाई जगह

ब्रनो। भारत के वेलावन सेंथिलकुमार ने ब्रनो में चल रहे चेक ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। 35,000 अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाले इस पीएसए कॉपर-लेवल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में उन्होंने फ्रांस के खिलाड़ी और विश्व नंबर 32 ऑगस्ट डुसॉर्ड को हराया। सेंथिलकुमार ने सेमीफाइनल में फ्रांस के खिलाड़ी को 11-7, 12-10, 11-1 से मात दी। चौथे वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी अब फाइनल में स्कॉटलैंड के ग्रेग लोबन (जो शीर्ष वरीयता प्राप्त हैं और विश्व रैंकिंग में 31वें नंबर पर हैं) का सामना करेंगे। सेंथिलकुमार इस सीजन में अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। शीर्ष वरीयता प्राप्त लोबन ने फ्रांस के तौफिक मेखल्फी को 11-9, 11-5, 11-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले, सेंथिलकुमार ने अर्जेंटीना के जेरेमियास अजाना को 11-3, 11-8, 11-7 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। पहले गेम में भारतीय खिलाड़ी ने अर्जेंटीना के जेरेमियास अजाना को आसानी से 11-3 से हराया। इसके बाद, रैलियां तेज, कड़ी और रोमांचक हो गई थीं। सेंथिलकुमार ने कोर्ट के अगले हिस्से में बेहतरीन खेल दिखाते हुए बाकी गेम 11-8 और 11-7 से अपने नाम किया था। भारतीय खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना के विश्व नंबर 64 और आठवें वरीयता प्राप्त जेरेमियास अजाना को 11-3, 11-8, 11-7 से हराया था। इससे पहले, टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में उन्हें 'बाय' (सीधे अगले दौर में प्रवेश) मिला था, और दूसरे दौर में उन्होंने ब्राजील के डिएगो गोब्बी को 11-4, 11-7,



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com